CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शनिवार 4 अक्टूबर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल पेज 2



अहमदाबाद टेस्ट में केएल राहुल, जुरेल और जडेजा ने जड़े शतक खेल टाइम्स



पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता सम्पादकीय



अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन पेज 12

## ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत: सीतारमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है। सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। शुक्रवार को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव (केईसी) का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स




यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेम्परारी डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में हुई एमपीसी की मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रही हैं। हाल की जी-20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा।

## वांगचुक की हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

श्रीमती अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का



**वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने याचिका दायर की**

उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

### चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं।

### कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा में पात्रता के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला करते हुए कहा है कि 12वीं में जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समान रूप से स्नातक प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि 'एक देश-एक कृषि-एक टीम' की भावना के अनुरूप, देश भर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह को एक समान कर दिया गया है, जिससे अब छात्र राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी - आईसीएआर) के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से कृषि पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों की 20 प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी।

### उत्तरकाशी की पुरोला तहसील क्षेत्र में भूकम्प के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की पुरोला तहसील अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनपद आपदा परिचालन केंद्र ने बताया कि समय रात एक बजकर 42 मिनट पर तहसील पुरोला के ग्राम गुन्दियाटगांव एवं महरगांव क्षेत्रान्तर्गत, भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 2.1 दर्ज की गई। भूकम्प की गहराई सतह से पांच किमी नीचे और इसका केन्द्र ग्राम गुन्दियाटगांव एवं डोखरीयानी के मध्य स्यालुका में था।

## भारतीय जेट गिराने के दावे 'मनोहर कहानियां': एपी सिंह

### आईएएफ चीफ ने कहा: पाकिस्तान के पास अगर सबूत हैं, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाएं।

भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ-16 और जे-17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एयरफोर्स चीफ ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे



**सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया था**


(भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने-की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था।

**भारत ने पाक के एफ-16 और जे-17 गिराए**

### दुनिया के नक्शे में रहना है, तो आतंकवाद रोके पाक: सेना प्रमुख

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि



अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

## लूट में शामिल एक लाख का इनामी महताब उर्फ गलकटा मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** सोने-चांदी के कीमती आभूषण व नगदी लूटने वाला इनामी बदमाश महताब उर्फ गलकटा शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में ढेर हो गया। बदमाश पर एक लाख का इनाम घोषित हुआ था।

एसपी देहात ने मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम को शाबाशी दी। 14 सितम्बर को तीन अज्ञात लुटेरों ने तमंचों के बल पर सर्राफ दादा पौत्र नेमचंद वर्मा और शिवम वर्मा से लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर और नगदी लूट ली थी। तब पुलिस ने सुरागरसी करते हुए 21 सितम्बर को मुठभेड़ के दौरान कुछ लुटेरों को गोली मारकर पकड़ लिया था। इनमें से महताब उर्फ गलकटा पुत्र अब्बास



निवासी सौंटा रसूलपुर थाना थानाभवन जिला शामली नाम का बदमाश फरार चल रहा था। जिस पर एक लाख रुपये का इनाम रखा हुआ था। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया। स्वर्णकार समाज ने इस लूट के खुलासे पर पिछले माह ही सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल सुभाष अत्री को भी सम्मानित किया था। इस मुठभेड़ में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कसाना और कांस्टेबल अली भी घायल हो गए। पुलिस टीम ने मौके से सर्राफा व्यापारी से लूटी हुई एक किलो चांदी और सोना व दो पिस्टल भी बरामद की हैं। मुठभेड़ के दौरान बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्रि व शाहपुर थाना प्रभारी मोहित बदमाश मेहताब की गोली लगने से बाल-बाल बच गए। मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के नेतृत्व में एक सप्ताह में दूसरा बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ। पांच दिन पहले मीरापुर में एक लाख का इनामी नईम कुरैशी मारा गया था, तो आज बुढाना में एक लाख का इनामी मेहताब मुठभेड़ में मारा गया।

### पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने की 61.53 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में रंगगीता एंटरप्राइजेज से जुड़े मामले में गोहिल जयकुमार और अन्य संबद्ध लोगों की विभिन्न तरह की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है। इनमें 61.53 लाख रुपये मूल्य के दो आवासीय फ्लैट, एक सावधि जमा और इक्विटी शेयरों के रूप में अन्य चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने गोवा पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा गोहिल और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

## कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी



**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

## देश में बाल-विवाह में छह गुना इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90 फीसदी है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नागालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, बाल

**असम में सबसे ज्यादा केस, शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का हुआ अपहरण**

विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह



भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। 26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र आम सभा के दौरान एक कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट 'टिपिंग पाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवर्ड्स ए चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' जारी की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि भारत ने बाल विवाह रोकथाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 से अब तक 4 लाख बाल विवाह रोके गए हैं। बाल विवाह निरोधक कानून बनने के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि इस रफ्तार से यह कुरीति खत्म करने में 300 साल लग जाएंगे।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और उनके बेटों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुता. बिक यह घटना बीती रात करीब नौ बजे हुई। उपमुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात लैब असिस्टेंट रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की कार से हो गई। गाड़ी टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद इंस्पेक्टर के घर तक पहुंचा। आरोप है कि अनिल कुमार सिंह अपने बेटों के साथ मिलकर रवींद्र से गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरू करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खड़गे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुटी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह स्वस्थ हैं और सभी को शुभकामना देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा जल्द ही अपना काम शुरू करने का है।

### आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान भीषण हादसा

# नदी में डूबे 13 युवक, पांच लाशें निकाली गई

**आगरा, वार्ता**

आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है। खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर



■ बुलाई गई सेना, अब तक भी आठ का पता नहीं चल सका

लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर आपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही।

अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है। ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए, जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं। ए हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया।

### नवरात्र के नौ दिन की खुशियां, फिर दर्दनाक हादसा, डूब गए दो भाई

आगरा। उत्साह, मस्ती और खुशी के कुछ समय बाद चीखें, गम और मातम। यह दृश्य बन गया फतेहाबाद के गांव कुसियापुर का। नवरात्र के अंतिम दिन गांव के दर्जनों लोग देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने धूमधाम के साथ निकले। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि यह खुशियां एकदम से मातम में बदल जाएंगी। मूर्ति विसर्जन के समय गांव के ओमपाल और गगन की यमुना में डूबने से मौत हो गई। दोनों परिवार में मौत की सूचना से चीख-पुकार मच गई। एक मां को विसर्जित करते समय किसी ने नहीं सोचा था कि दूसरी मां की गोद में उनके लाडले समा जाएंगे। गांव कुसियापुर के ओमपाल और गगन भी ग्रामीणों के साथ गुरुवार को यमुना में देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने गए थे। ओमपाल अपने परिवार का पालन करने वाला एकमात्र सहारा था। उसके पिता रमेश चंद्र का पहले ही देहांत हो चुका है।

# मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ साठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है, जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं, लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुए, राजस्थान सरकार ले उससे दवा रही, नतीजा दो बच्चों की मौत। उन्होंने कहा कि जिस



■ राजस्थान सरकार खरीद रही सेंपल फेल हुई दवाएं

कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं, लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़दिगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।

# बरेली बवाल में नया खुलासाः आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद -ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी व फैजान सकलैनी समेत दो आरा. पी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। कोतवाली से ही दोनों आरो. पियों को दाखिल किया गया।

मुनीर की गिरफ्तारी उसके घर से दिखाई गई। बिहारीपुर क्षेत्र निवासी मुनीर इदरीसी कफी समय से इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल का मीडिया प्रभारी है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शुक्रवार को मुनीर अपने घर से कहीं भागने की तैयारी में था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया



■ मौलाना को खुश करने के लिए पोस्ट डाल भड़काया माहौल

गया। उससे पुलिस ने कोतवाली में पूछताछ की। उसने स्वीकार किया कि बवाल कराने को उसने भड़काऊ पोस्ट डाली थी। हालांकि उसने बताया कि मौलाना तौकीर की मंडली में शामिल सभी लोग खुद को ज्यादा होशियार दिखाकर मौलाना को खुश करने का प्रयास करते थे। उसने भी ऐसा ही किया। मुनीर ने बताया कि जब नीस व नदीम ने भीड़ के न आने की आईएमसी की कथित चिठ्ठी वायरल की तो दूसरे साथियों के संग उसने भी मौलाना को भड़काने का काम किया। उसने शुक्रवार को सुबह से ही कुछ और वीडियो व मौलाना के तीखे बयान सोशल मीडिया पर समूह में वायरल किए। ऐसा करके उसनेफरहत व मौलाना की करीबी की काट करने की कोशिश की। मुनीर इदरीशी ने पुलिस को बताया कि मौलाना उसे हर महीने मामूली वेतन देता था। इससे उसका काम नहीं चलता था। इसके अलावा वह मौलाना से जुड़े लोगों से आर्थिक मदद लेकर अपने परिवार का खर्चा चलाता था।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ए भी है। भाजपा सरकार के काम को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, पीड़ा भरी आंख से भी देखा जाए। उप्र में



■ कहाः पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए

दलित दमन चरम पर है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि एक टीवी शो इस आंकड़े पर भी होना चाहिए। एक होर्डिंग इस सच का भी लगना चाहिए।

एक विस्तृत रिपोर्ट इस पर भी समाचार के रूप में प्रसारित-प्रकाशित होनी चाहिए। एक एसआईटी इसकी विवेचना के लिए भी बननी चाहिए। एक अध्याय इसके लिए भी, पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। घ्एक जांच आयोग इसके लिए भी बैठाया जाए। एक विशेष वाहिनी, दलित-दमन के उन्मूलन के लिए भी बनाई जाए। एक श्वेतपत्र इस काले अपराध पर भी आना चाहिए। एक रोड शो इस समस्या के बारे में भी जागरूकता फैलाने के लिए निकाला जाए। एक 'पांच हज़ार वर्षीय' आयोजन, इस ऐतिहासिक उत्पीड़न की 'पंच सहस्राब्दी' के रूप में, चेतना जगाने के लिए भी आयोजित किया जाए।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए, वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुई। इसके विपरीत 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143140
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207. 17 अंक पर बंद हुआ। लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक

**सेंसेक्स 224 अंक मजबूत**



और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3. 40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2. 16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1. 84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए। एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे, जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया, हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विद. ेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गई। इसी दौरान स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। आलोच्य सप्ताह में विशेष आहरण अधिकार नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.789 अरब डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.9 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 4.673 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

# चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल दालों में रही घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति कुंतल हो गयी। गेहूं के भाव तीन रुपए घटकर 2,864.91 रुपए प्रति कुंतल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गयी और यह 3,310.96 रुपए प्रति कुंतल बिका। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति कुंतल महंगा हुआ। वहीं सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति कुंतल घट गयी। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति कुंतल टूटे।



दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति कुंतल बढ़ गई। मूंग दाल की औसत कीमत 45 रुपए और उड़द दाल की 101 रुपए प्रति कुंतल घट गई। तुअर दाल 33 रुपए और मसूर दाल में 25 रुपए प्रति कुंतल सस्ती हुई। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 66 रुपए प्रति कुंतल गिर गयी। चीनी का भाव भी 20 रुपए प्रति कुंतल घट गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहनः दाल चना 7914.38 रुपए, मसूर काली 8148.02 रुपए, मूंग दाल 10110.11 रुपए, उड़द दाल 10400.59 रुपए, अरहर दाल 10541.70 रुपए प्रति कुंतल। अनाज : (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2864.91 रुपए और चावल 3841.46 रुपए प्रति कुंतल। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4324.68 रुपए और गुड़ 5019.45 रुपए प्रति कुंतल बोले गए।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगेंगे परियोजना सूचक क्यूआर कोड साइन बोर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी देने के लिए परियोजना विशिष्ट-जानकारी तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर तथा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं की सूचना देने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

एनएचएआई ने यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और 'आवागमन में सुगमता' की सुविधा मिले सकेगी। इन साइन बोर्डों को आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर स्थापित किया जाएगा और 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' लगाकर इनको राजमार्ग

■ सूचना देने को 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा

का उपयोग करने वालों के लिए ज्यादा युक्तसंगत बनाया जाएगा। इनके जरिए यात्रियों को राजमार्ग के किनारे स्थित सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय आदि की जानकारी मिलेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। प्राधिकरण का कहना है कि ये ऊर्ध्वाधर क्यूआर कोड साइन बोर्ड परियोजना-विशिष्ट जानकारी भी देंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, राजमार्ग श्रृंखलन, परियोजना की लंबाई, निर्माण, रखरखाव अवधि, राजमार्ग गश्ती दल, टोल प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट अभियंता, आपातकाल. ीन हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के विवरण के साथ-साथ नजदीक स्थित अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा तक की दूरी, ट्रक ले-बाय, पंचर मरम्मत की दुकान और वाहन सेवा केन्द्र, ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी शामिल होगी। एनएचएआई का विश्वास है कि इस प्रयास के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति उपयोगकर्ता अनुभव और जागरूकता लाने और राजमार्ग सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# राहुल विदेश में देश की छवि खराब कर रहेः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। दूसरी तरफ देश की 140 साल पुरानी पार्टी के



■ 140 पुरानी पार्टी के नेता ने देश विरोधी बयान दिया

नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से संस्थानिक सुधार (स्ट्रक्चर रिफॉर्म) किया है, उससे वह बहुत शक्तिशाली बना है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता गांधी जब विदेश जाते हैं, तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन पर हुई केस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष चार देशों में शामिल है, क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरा सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है, जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जब गांधी को भारत के किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं बुलाया जाता है, तो फिर सवाल उठता है कि उन्हें भारत के बाहर ही क्यों बुलाया जाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## ● भारत तीसरे दिन ही अहमदाबाद टेस्ट जीत जाएगा !

# राहुल, जुरेल और जडेजा की सेंचुरी

### ● पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 286 रनों की बढ़त ली

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच पर पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबले के पहले दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं। आलराउंडर रवींद्र जडेजा 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 रन पर नाबाद लौटे। जडेजा से पहले ध्रुव जुरेल (125 रन) और केएल राहुल (100 रन) ने भी सेंचुरी लगाई। पहली पारी के आधार पर भारत की बढ़त 286 रन की हो गई है। अब इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि यह मुक.ाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो जाए। वेस्टइंडीज अगर दूसरी पारी में संघर्ष करता है, तब भी मैच का चौथे दिन से आगे जा पाना काफी मुश्किल है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन 121/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन के अपने स्कोर में 32 रन और जोड़े। वे पूरे 50 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को कैच थमा बैठे। गिल ने 48 गेंदों का सामना किया और 4 चौके जमाए। गिल और केएल राहुल ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 98 रन जोड़े। केएल राहुल ने करियर की 11वीं संेचुरी जमाई भारतीय ओपनर केएल राहुल ने करियर की 11वीं संेचुरी जमाई। वे पूरे 100 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने 197 गेंदों का सामना किया और 12 चौके जमाए। उनका विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन को मिला। यह राहुल की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी संेचुरी है। उन्होंने सबसे ज्यादा पांच संेचुरी इंग्लैंड के खिलाफ जमाई है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके नाम दो-दो संेचुरी है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक-एक शतक लगाया है। जुरेल और जडेजा के बीच 206 रन की पार्टनरशिप जिस समय राहुल आउट हुए थे भारत का स्कोर 218 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की पार्टनरशिप कर भारत को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जुरेल ने 190 गेंदों पर 12 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का पहला शतक है। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 90 रन था। वहीं, जडेजा ने 168 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्के जमाते हुए संेचुरी बनाई। वे अपनी अब तक 176 गेंद खेलकर 104 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन कैसे खत्म हो सकता है मुकाबला भारतीय टीम की बढ़त आलरेडी 286 रन की हो गई है। चौथे दिन टीम इंडिया 400 के आस-पास की लीड लेकर पारी घोषित कर सकती है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 44 ओवर ही टिक पाई थी। दूसरी पारी में भी ऐसा होता है तो यह मैच तीसरे दिन ही अपने अंजाम पर पहुंच सकता है। 126वें ओवर की तीसरी बाल पर रवींद्र जडेजा ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने जोमेल वारिकन की तीसरी बाल पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। उसके बाद अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में सेलिब्रेट किया। जडेजा ने बल्ले को तलवार की तरह हवा में लहराया। 123वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खारी पियर को शाई होप के हाथों कैच कराया। पियर ने 206 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में अपनी पहली पारी में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जुरेल ने 120वां ओवर डाल रहे जोमेल वारिकन की दूसरी गेंद पर चौका लगाया।


ध्रुव जुरेल


केएल राहुल

### संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओलनग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जाएंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है।

### यश की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

**नागपुर, वार्ता।** ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है। शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा।

### फाइनल में रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर महिला अंतर- विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में लवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

शिवाजी स्टेडियम में पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पहले सेमीफाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3-1 से हराया। रेवले के लिए लालरेम्सियामी ने (सातवें), नवनीत ने (39वें) मिनट और वंदना कटारिया ने (50वें) मिनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। वहीं, साई के लिए गरलांका ने (53वें) मिनट में सांत्वना गोल दागा।

### इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को 69 रन पर ढ़ेर किया

**गुवाहाटी, वार्ता।** लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की टीम ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबा.जी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए और वह अच्छा स्कोर भी नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को

## फीफा विश्व कप-2026 की आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण



**मास्को, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया।

इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमे.रिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है।


सत्यमेव जयते
भारत सरकार


श्री नीतीश कुमार
मुख्यमंत्री, बिहार


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा
आईटीआई के टॉपर विद्यार्थियों का कौशल दीक्षांत समारोह में सम्मान
और
शिक्षा एवं कौशल से जुड़ी ₹62,000+ करोड़ की
युवा केन्द्रित योजनाओं का शुभारंभ/उद्घाटन/शिलान्यास/देश को समर्पण

युवाओं के लिए राष्ट्र स्तर की योजनाएं

₹60,000 करोड़ की PM-SETU (Pradhan Mantri Skilling and Employability Transformation through Upgraded ITIs) योजना के तहत 1,000 ITI का उन्नयन जिनमें बिहार के पटना और दरभंगा ITI क्लस्टर पर विशेष फोकस

देशभर के 400 नवोदय विद्यालयों एवं 200 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाएँ

साथ ही बिहार के लिए अन्य मुख्य योजनाएं और पहल

पटना विश्वविद्यालय, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय में PM-USHA के अंतर्गत अकादमिक ब्लॉक्स, छात्रावास, भवन नवीनीकरण जैसी नई सुविधाएं

बिहार के योग्य युवाओं को मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के नए रूप के अंतर्गत दो वर्षो तक आर्थिक सहायता का लाभ

जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय, पटना का उद्घाटन

बिहार के विद्यार्थियों के लिए रीडिज़ाईन्ड क्रेडिट कार्ड योजना

एनआईटी पटना के बिहटा कैंपस का देश को समर्पण

9वीं और 10वीं कक्षा के 25 लाख विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति

युवाओं के शिक्षा और रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बिहार में युवा आयोग

बिहार सरकार में चयनित 4000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र

गरिमामयी उपस्थिति

श्री नीतीश कुमार
मुख्यमंत्री, बिहार

श्री जुएल ओराम
केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय

श्री जयन्त चौधरी
केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एवं केंद्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय

डॉ. सुकांत मजूमदार
केंद्रीय राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय; और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली | 4 अक्टूबर 2025 | 11 बजे से शुरू

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें

cbc 63101/13/0008/2526

# बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि रोशनी: डीएम

## जिलाधिकारी ने 35 परिवारों को कुलदीपक, पौधा और बालिकाओं को चॉकलेट देकर किया सम्मानित






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों को नई दिशा देते हुए बागपत प्रशासन ने शुक्रवार को एक अभिनव पहल की शुरुआत की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विशेष समारोह में मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक नामक अभियान का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को नए कृष्टिकोण से स्थापित करना और उन परिवारों को सम्मानित करना है जो गर्व के साथ बेटियों का पालन-पोषण कर रहे हैं।

इस अवसर पर 35 जागरूक परिवारों को, जिनकी एकमात्र संतान बेटी है और जिन्होंने उसे जीवन में आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, पोषण और अवसर उपलब्ध कराए हैं, प्रशासन द्वारा विशेष कुलदीपक, जीवन का प्रतीक पौधा और बालिकाओं को चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि वह रोशनी हैं जो पूरे कुल, समाज और राष्ट्र को आलोकित करती हैं, जिस तरह पौधे को उचित देखभाल और पोषण मिलने पर वह छांव देने वाला वृक्ष बनता है, उसी प्रकार बेटियों को अवसर, शिक्षा और सम्मान मिलने पर वे जीवन के हर क्षेत्र में समाज का गौरव बढ़ाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में अभी भी कई बार यह धारणा बन जाती है कि यदि परिवार में केवल बेटियां हैं और बेटा नहीं है तो यह किसी कमी की तरह है। यह सोच गलत है और इसी सोच को बदलने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। बेटियां विज्ञान, प्रशासन, खेल, कला और उद्योग सभी क्षेत्रों में ऊँचाइयां छू रही हैं।

वे किसी भी कृष्टि से बेटों से कम नहीं, बल्कि कई बार उनसे आगे निकल जाती हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अब समाज को यह समझना होगा कि रोशनी जलाने वाला दीपक केवल बेटा ही नहीं होता, बेटी भी कुलदीपक है। बेटियां परिवार में सम्मान, अनुशासन और समृद्धि लाती हैं। इस पहल से उन परिवारों को भी प्रेरणा मिलेगी जो कभी बेटियों को बोझ समझते थे। यह संदेश जाएगा कि संतान का लिंग नहीं, बल्कि उसकी परवरिश और अवसर ही समाज को आगे ले जाते हैं। आज की बेटियां हर क्षेत्र में न केवल भागीदारी कर रही हैं बल्कि नेतृत्व कर रही हैं। ओलंपिक खेलों में पदक जीतने से लेकर प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्टता दिखाने तक, बेटियों ने साबित किया है कि यदि अवसर मिले तो वे किसी से पीछे नहीं हैं। मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक अभियान समाज को यह अहसास दिलाएगा कि शिक्षा बेटियों का पहला अधिकार है। सुरक्षा उनकी गरिमा और आत्मविश्वास का आधार है। स्वास्थ्य और पोषण उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सम्मान और विश्वास उन्हें ऊँचाई तक पहुँचाने की प्रेरणा है। प्रशासन का यह कदम केवल संदेश देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले में विभिन्न स्तरों पर गति. विधियाँ आयोजित की जाएंगी जिससे बेटियों के लिए सुरक्षित और प्रोत्साहनकारी माहौल बने।

# बरेली में हुए बवाल के बाद बागपत पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर था। एसपी सूरज कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी।

सुरक्षा के मद्देनजर जिलेभर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी गई। पुलिस प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की थीं। खेकड़ा, बड़ौत और बागपत की मस्जिदों पर विशेष रूप से पुलिस बल तैनात किया गया था। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है और शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने शांतिपूर्ण नमाज संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी। नमाज के दौरान वरिष्ठ अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# इस अभियान से जुड़ा है मुख्य उद्देश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाज में बेटियों को लेकर सकारात्मक ख्रष्टिकोण बनाना, उन परिवारों को विशेष पहचान और सम्मान देना जो बेटियों का गर्व से पालन-पोषण कर रहे हैं, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़े सरकारी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लागू करना, नई पीढ़ी में यह संदेश पहुंच. ाना कि बेटियां ही असली परिवर्तन की वाहक हैं, इससे मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को जिले में नई ऊर्जा और स्वरूप मिलेगा,कलेक्ट्रेट सभागार प्रेरणा और उत्साह से भरा रहा। उपस्थित अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, एसडीएम भावना सिंह, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डक्क यशवीर सिंह, अधिशासी अधिकारी रटौल वीरज त्रिपाठी सहित अन्य अधिक. ारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र में खुलेआम हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र में खुलेआम हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी है, लेकिन सम्बन्धित अधिकारी आज तक इस अवैध कार्य को नही रोक पा रहे है, या यह अवैध धन्धा मिली भगत के साथ किया जा रहा है यह भी सवाल खडे किए जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार खेतों, बाग-बगीचों और सड़क किनारे खड़े हरे वृक्षों को बिना किसी भय और रोक-टोक के काटा जा रहा है। बड़ी संख्या में पेड़ों को आरी से गिराकर लकड़ी के मोटे-मोटे लट्ठों में तब्दील किया जाता फिर उसको वन माफिया टैकटर ट्राली मे भर कर ले जाते है।

जहां एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन और पुलिस की वन माफियाओ के साथ साठगांठ कर हरे पेड़ों का सीधा-सीधा कत्लेआम हो रहा है।



## एक नजर

### स्टैंडी और डिजिटल क्यूआर कोड के माध्यम सेनागरिकों को सुझाव भेजने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने मौके पर ही उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए विभिन्न स्थानों पर लगाए गए स्टैंडी और डिजिटल क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिकों को सुझाव भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान जन-जन के विचारों का जनआंदोलन बन रहा है और हर नागरिक का छोटा-सा सुझाव भी भविष्य की नीतियों को दिशा देगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल इंडिया, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। खास बात यह है कि कोई भी नागरिक सीधे समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल या क्यूआर कोड स्कैन कर 05 अक्टूबर तक अपने सुझाव भेज सकता है। बेहतर सुझाव देने वालों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा और प्रत्येक सहभागी को जिम्मेदार नागरिकता का ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्रदान होगा।

### समाज में अक्सर उन्हें केवल बेटियों के होने पर ताने सुनने पड़े, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सोच में बदलाव की शुरुआत है। यह पहल आने वाले वर्षों में न केवल बागपत बल्कि पूरे प्रदेश को बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार लगातार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा मिशन शक्ति अभियानों के माध्यम से बेटियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इन अभियानों की असली सफलता तभी संभव है जब समाज स्वयं इसमें सहभागी बने। मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि यह संदेश प्रत्येक घर तक पहुँचाना है कि बेटी किसी बोझ या जिम्मेदारी का नाम नहीं है, बेटी ही कुल की असली दीपक है, बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर देना ही समाज की प्रगति का आधार है। यह पहल बागपत जिले से शुरू होकर पूरे प्रदेश और देश में प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। सम्मानित हुए 35 परिवारों ने अपनी जीवन यात्रा साझा की। कई परिवारों ने बताया कि समाज में अक्सर उन्हें केवल बेटियों के होने पर ताने सुनने पड़े, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाई और आज वे बेटियां चिकित्सा, प्रशासन, खेल और अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं। एक सम्मानित परिवार ने कहा कि हमारे परिवार में बेटी होना किसी वरदान से कम नहीं है। वह हमारे घर की कुलदीपक है। हमें गर्व है कि हम समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। यह अभियान उस रूढ़िवादी धारणा पर सीधा प्रहार करता है जिसमें केवल बेटों को कुलदीपक माना जाता

### साप्ताहिक मार्केट बंदी को लेकर 8वीं बार डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में लगातार नगर में बुधवार अवकाश की मांग को लकर धरने प्रदर्शन किए जा रहे है, मगर किसी भी धरने प्रदर्शन का आज तक कोई भी मामला संज्ञान में नहीं लिया गया अब आठवां पत्र प्रदेश के डिप्टी सीएम को श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में लिखा गया है अब देखना होगा साप्ताहिक मार्केट बंदी पर डिप्टी सीएम इस पर कितना संज्ञान लेते हैं। जिलाधिकारी को भी इस संबंध में कल अवगत कराया जाएगा। उनसे पूछा जाएगा कि इतने निर्देश के बावजूद भी साप्ताहिक अवकाश लागू क्यों नहीं किया गया। इसके लिए जल्दी डीएम कार्यालय पर धरना भी दिया जाएगा। उन्होंने तुरंत मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी से नगर में बुधवार साप्ताहिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। इस मौके पर जितेंद्र दत्त तोमर अध्यक्ष प्रवीण कुमार आदि सदस्यों ने साप्ताहिक अवकाश की मांग की है।

# मामूली विवाद के चलते दो पक्षों के बीच संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मामूली विवाद के चलते दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। इस संघर्ष में लाठी-डंडे और लात-घूंसे चले, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में उपचार कराया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बाम गांव की है। जानकारी के अनुसार, यासीन का दामाद तनवीर दिल्ली से अपनी कार से आ रहा था। गांव की गली में सतपाल की तीन साल की नाती मुन्नी खेल रही थी, जिसे कार से टक्कर लग गई। टक्कर लगने पर सतपाल के परि. जनों ने कार रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी और अपने रिश्तेदारों के घर जाकर रुका। इसके बाद सतपाल और उनके परिजन यासीन के घर शिकायत देने पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। शुरुआत में समझौता होने के बाद सतपाल पक्ष के लोग अपने घर लौट आए। हालांकि, कुछ ही देर बाद यासीन पक्ष के 10-15 लोग धारदार हथियार और लाठी-डंडे लेकर सतपाल के घर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उनके घर पर पथराव भी किया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। इस संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराकर उनका उपचार कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।



# नन्हें बच्चों ने ज्ञान प्रतियोगिता में बटोरीं वाहवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय हरिया खेडा में ग्राम प्रधान शकुंतला देवी एवं सेवानिवृत्त सैनिक समिति के निर्देशन में ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सरकारी स्कूल एवं प्राइवेट स्कूल के लगभग 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान विषयों पर बच्चों की परीक्षा ली गई। यह प्रतियोगिता तीसरी, चौथी और पांचवी की कक्षाओं के लिए आयोजित की गई थी। हर्ष का विषय है कि उपरोक्त तीनों कक्षाओं के नौ उत्तम स्कोर में से केवल तृतीय कक्षा का एक ही प्राइवेट स्कूल का छात्र तृतीय स्थान प्राप्त कर सका। शेष आठ स्थान सरकारी स्कूल के छात्र/ छात्राओं ने जीते।

यह निजी स्कूल जाने वाले छात्रों के माता-पिता के लिए एक चेता. वनी है कि वास्तव में शैक्षिक उपलब्धियां और बच्चे के समग्र विकास के लिए जो मायने रखता है वो वातावरण निजी स्कूलों में नहीं सरकारी स्कूलों में ही है। अब बेसिक के स्कूलों की तस्वीर बदल रही है। महंगी स्कूल फीस व्यवसाय की तो गारंटी है परंतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नहीं जिसकी हमें आज परम आवश्यकता है। सरकारी स्कूल के शिक्षकों के समर्पण गुणवत्ता और जवाब देही की गहनता का मुकाबला करना प्राइवेट स्कूलों के लिए बहुत टेढ़ी खीर है। प्राथमिक पाठशाला के छात्रों और निजी स्कूलों के छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करना प्रधान अध्यापिका योगिता मलिक और उनके शिक्षकों के लिए एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह शिक्षकों के लिए एक सफलता और उत्सव का अवसर साबित हुआ।

# नागरिक-प्रशासन सहभागिता का बने सशक्त उदाहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है जनपद की समस्त विकासखंड, नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद के प्रमुख स्थलों, बाल पेंटिंग आदि के माध्यम से क्यू आर कोड स्थापित कराए गए हैं जिस पर कोई भी व्यक्ति अपने उत्तर प्रदेश को कैसा देखना चाहता है। इसके संदर्भ में 12 सेक्टरों के तहत अपना सुझाव देकर अपने उत्तर प्रदेश को समर्थ उत्तर प्रदेश बनाने में योगदान दे आपका सुझाव निश्चित ही बदलाव लाएगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर स्थापित स्टैंडिंग पर लोगों को सुझाव देते हुए देखा गया जिसमें अपने देश को विकसित होने की अपेक्षाएं और उत्तेजना देखने को मिली देश बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश बढ़ रहा है तो हमारा जनपद भी निश्चित ही आगे बढ़ेगा, अगर आपने भी सुझाव नहीं दिया है तो 5अक्टूबर 2025 तक अपना सुझाव अवश्य दें।

कलेक्ट्रेट परिसर नागरिकप्रशासन सहभागिता का सशक्त उदाहरण बना, जब समर्थ उत्तर प्रदेश विक. सित उत्तर प्रदेश /2047 महाअभियान के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव साझा किए। यह पहल केवल आने वाले विकसित भारत और समर्थ उत्तर प्रदेश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश है।



# स्वराज अभियान के दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की खत्री गली में बी टेक कंप्यूटर सेंटर पर राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रशिक्षकों को सी एससी, ई डिस्ट्रिक्ट, एवम् पंचायत सचिव, एवं पंचायत सदस्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पिंकी शर्मा (कोऑर्डिनेटर) द्वारा दिया गया। जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डा.इरफान मलिक ने प्रसिक्षको को किट भेट करते हुआ कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही। इस मुहीम के द्वारा आप जैसे युवाओं के सहयोग से दिए जा रहे योगदान से आम नागरिक को काफ़ी सुविधाएं मिल जाती है जिस से उनका समय और धन दोनों बच जाते है तथा इन्हे परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता डा.इरगान मलिक ने सभी प्रशिक्षकों कि हौसला अफजाई की और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर पिंकी शर्मा, हाशिम अली सेंट्रल मेनेजर, राशिद तोमर, फहीम अब्बासी, राहुल पांचाल, जुल्फिकार सैफी , शावेज़ कुरैशी, नदीम समीर अहमद आदि मौजूद रहे।




## हर परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आना चाहिएः जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आहवान किया कि हर परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आना चाहिए। आपके विचार ही 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। यह अवसर है कि हम केवल दर्शक न बनें, बल्कि विकास यात्रा के सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि अभियान से प्राप्त विचारों के आधार पर जो विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा, उसमें अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति जैसे मूल स्तंभ शामिल होंगे। यह दस्तावेज़ कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पर्यटन, सुशासन और सुरक्षा सहित 12 प्रमुख सेक्टरों को कवर करेगा। यही दस्तावेज़ आने वाले वर्षों के लिए नीतियों की रूपरेखा तय करेगा। अभियान का एक प्रेरक पहलू यह भी है कि नागरिक केवल समस्याएँ नहीं बता रहे, बल्कि उनके समाधान भी सुझा रहे हैं। कहीं युवाओं ने जनपद स्तरीय मन की बात जैसे स्थानीय संवाद की मांग की है, तो कहीं छात्र-छात्राओं ने खेल अकादमी, डिजिटल लैब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक जैसे प्रस्ताव दिए। किसान जैविक खेती और मिलेट्स के निर्यात की बात कर रहे हैं, वहीं महिलाएँ रोज़गार आधारित प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता सुविधाओ पर जोर दे रही हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि यह अभियान नागरिकों और शासन के बीच की दूरी को कम करेगा और इंपैक्ट डिलीवरी सिस्टम को अधिक मज़बूत बनाएगा।

# महिला से दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक महिला के यौन उत्पीड़न और धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान अल्ताफ और नौशाद के रूप में हुई है, जिन्हें जेल भेज दिया गया है। इस मामले में 10 अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक हिंदू महिला को गुमराह कर एक कपड़े के शोरूम में उसकी अश्लील वीडियो बनाई। इसके बाद वीडियो के आधार पर उसे ब्लैकमेल किया गया और उसका शारीरिक शोषण किया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसे ब्लैकमेल कर दिल्ली की जामा मस्जिद में एक मौलाना से उसका धर्म परिवर्तन भी कराया गया। महिला किसी तरह उनके चंगुल से छूटने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक से मिली और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की। मुख्य आरोपी अल्ताफ और उसके दोस्त नौशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार 10 अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है। फिलहाल पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि फरार चल रहे अभियुक्तों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अरमान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

इकराम पुत्र इश्त्याक निवासी ग्राम दौलतपुर तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री प्राची परिवार को बिना बताए घर से चली गई थी और किसी व्यक्ति के साथ रह रही है उसके इस गलत आचरण व अनैतिक कदम के कारण मै व मेरे परिवार का उससे कोई संबंध नही है तथा मै अपनी चल-अचल संपत्ति से भेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी।

मुकेश गोस्वामी पुत्र रामकिशन निवासी मीतली थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फरमान व उसकी पत्नि सुम्यया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रईसूदीन पुत्र फैयाज खान निवासी कस्बा रटौल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**विज्ञापन**

जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) में संचालित पाठयक्रम पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं के हितो को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य रूप से गिर नश्ल की गाय में नश्ल सुधार को प्राथमिकता देते हुए परिसर में स्थित डेयरी को किराये पर देने के लिए दिनांक 13.10.2025 (सोमवार) तक प्राचार्य कार्यालय में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त हेतु बोलीदाता को अग्रिम रू.50,000/-धरोहर राशि के रूप में जमा कराने होंगे। अधिक जानकारी के लिए कॉलिज कार्यालय से सम्पर्क करें।

**(डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह)**
**प्राचार्य**

**(वीरेन्द्रपाल सिंह)**
**अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति**

# नहर की सड़क के जर्जर होने से भाकियू कार्यकर्ता भड़के

## मिट्टी ले जा रहे डंपर रोक किया हंगामा व नारेबाजी, कार्यकर्ता बेमियादी धरने पर बैठे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस के लिए मिट्टी ढो रहे डंपरों के कारण मध्य गंग नहर की सड़क टूटने के साथ ही पुल में गहरे गड्डे होने से आवागमन में आसपास के कई गांवों के हजारों ग्रामीणों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं, जिसको लेकर नाराज चल रहे भाकियू कार्यकर्ता शुक्रवार को मिट्टी से भरे डंपरों को रोककर बेमियादी धरने पर बैठ गए।

मेरठ से होकर प्रयागराज के लिए बनाया जा रहा पांच सौ मील से भी अधिक लंबाई वाला गंगा एक्सप्रेस वे सिंभावली क्षेत्र के कई गांवों से होकर निकल रहा है। जिसमें निर्माण कार्य पिछले काफी दिनों से चलता आ रहा है। भराव के लिए दर्जनों डंपर मिट्टी ढोने में लगे हुए हैं, जिनके कारण गांव बड्ढा के पास मध्य गंग नहर की सड़क बुरी तरह टूटने फूटने के साथ ही पुल में कई जगह गहरे भी गड्डे हो रहे हैं। भाकियू टिकैत की युवा शाखा के कार्यकर्ता हंगामा और नारेबाजी करते हुए नहर पटरी वाले रास्ते पर पहुंच गए। जो मिट्टी लेकर आ जा रहे कई डंपरों को रोकने के बाद हंगामा और नारेबाजी करते हुए बेमिदायी धरने पर बैठकर एलएनटी अधिकारी राजीव कुमार को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गए। जिला उपाध्यक्ष कुलदीप राठी ने कहा कि मिट्टी से भरे डंपरों की आवाजाही के कारण नहर पटरी की सड़क टूटने के साथ ही पुल में कई जगह गहरे गड्डे होने से आवागमन करने में भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं। जिला सचिव हिमांशु गुर्जर ने आरोप लगाया कि एलएनटी द्वारा जनहित की खुली अनदेखी की जा रही है। मोनू गुर्जर ग्राम अध्यक्ष, तहसील सचिव डा.यूसुफ ने चेता. वनी भरे लहजे में कहा कि टूटी सड़क की तत्काल मरम्मत न होने तक धरना जारी रहेगा। इसी दौरान एलएनटी अधिकारी द्वारा मोबाइल पर वार्ता करते हुए डंपरों के कारण टूटी सड़क की तत्काल मरम्मत प्रारंभ कराते हुए दो तीन सप्ताह में सड़क का निर्माण चालू कराने का भरोसा दिया, जिससे गुस्सा शांत होने पर भाकियू कार्यकर्ता अपने संगठन की शान में नारेबाजी करते हुए धरने से उठ गए। मोहित गुर्जर, वीशू चौधरी, तहसील अध्यक्ष राशिद प्रधान, अल्ताफ, इरफान, अभिषेक गुर्जर, अंकुर गुर्जर, लव गुर्जर, समीर, गगन गुर्जर समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे गिरा टाइल्स से भरा ट्रोला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में शुक्रवार सुबह टाइल्स से भरा एक ट्रोला अनियंत्रित होकर हाईवे पर फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे में चालक और परिचालक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रोले को हटवाया और टूटी टाइल्स को साफ कराकर यातायात व्यवस्था को सुचारु करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार से टाइल्स से भरा एक ट्रोला दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रहा था जैसे ही ट्रोला देहात क्षेत्र के ततारपुर फ्लाईओवर पर पहुंचा, तो वह अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरा। इस दौरान ट्रक चालक ब्रजमोहन मीणा और परिचालक जगबीर सिंह घायल हो गए। सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रोले को हटवाकर यातायात को सुचारु करवाया। हादमे में घायल राजस्थान निवासी चालक ब्रजमोहन मीणा और परिच. ालक जगबीर सिंह मामूली रूप से घायल हो गए।

इस दौरान दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। चालक और परिचालक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रारंभिक पुलिस जांच में सामने आया कि चालक को झपकी आने के कारण ट्रोला अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरा। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि न होना बड़ी राहत की बात है। पूरे मामले की जांच जारी है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट में संलिप्त आठ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर नयागांव में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया व डंडे बरामद किए है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर नयागांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे और सरियों से एक दूसरे के साथ मारपीट की गई थी। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंचे पुलिस द्वारा मामले को शांत कराया गया था और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संबंधित मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिका लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव अहमदपुर नयागांव में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट की घटना में संलिप्त 8 लोगों को गांव अहमदपुर नयागांव से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया व डंडे बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान जितेन्द्र पुत्र सोमनाथ, कैलाश पुत्र सोमनाथ निवासी अहमदपुर नयागांव थाना पिलखुवा, रोहित पुत्र अजीत, अनुज पुत्र भीम सैन निवासी मौहल्ला शुक्लान थाना पिलखुवा, नीरज पुत्र देशराज, हेमन्त पुत्र रामवीर, लोक. ेश पुत्र रामवीर और दीपक पुत्र रामवीर निवासी ग्राम अहमदपुर नयागांव थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फरार आरो. पियों की पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जुमे की नमाज को लेकर एसपी ने फोर्स के साथ किया पैदल गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट के बीच ज़िलें में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया और शहर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ शहर के अनेक मोहल्लों, मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद भी किया। सुबह से ही पुलिस ज़िलें के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त करती रही। कई स्थानों पर ड्रोन से भी निगरानी की गई। शहर में एसपी ने फोर्स के साथ पैदल गश्त किया। यह अलर्ट पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के मद्देनजर पूरे प्रदेश में जारी हाई अलर्ट का हिस्सा था। इसी कड़ी में जिले में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शाही जामा मस्जिद सहित शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थे।

# दशहरा के दिन भगवान स्वरूपों का हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दशहरा के दिन रावण दहन से ठीक पहले, रामलीला मैदान महोत्सव में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगे ब्राह्मण समाज के प्याऊ पर एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण आया। भगवान स्वरूप श्री राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान का यहां आगमन हुआ। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने शंखनाद के साथ भगवान स्वरूपों का स्वागत किया। पूरा वातावरण जय राम और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य शैलेन्द्र मिश्रा शास्त्री और पंडित अजय पाण्डेय के मंत्रोच्चार के बीच, पंडित केसी पाण्डेय, डा. करुण शर्मा, पंडित राहुल शर्मा और अन्य विद्वानों ने भगवान स्वरूपों को अंगवस्त्र भेंट किया, माल्यार्पण, तिलक किया और मंगल आरती की। इस अवसर पर श्रीराम लीला समिति के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। भगवान स्वरूपों के विदा होने के बाद, प्याऊ पर उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वित. रित किया गया। पंडित केसी पाण्डेय ने इस पाँच दिवसीय पुण्य कार्य के महत्व को बताते हुए कहा कि प्याऊ पर प्रतिदिन हज़ारों श्रद्धालु जल सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विप्र समाज के सभी बंधु पूर्ण उत्साह से सहयोग कर रहे हैं। और सर्व समाज के माननीय लोग भी यहां पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं। सेवा कार्य के चौथे दिन कर्तव्य निर्वहन में पंडित बृजभूषण, पंडित अजित, पंडित राजकुमार, पंडित अंकित, पंडित विकास, पंडित शिवम मिश्रा के साथ-साथ महासभा के अन्य विद्वान सक्रिय रूप से लगे रहे।

# परिवहन विभाग ने छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति 5 अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। इसी कड़ी में जनपद हापुड़ के परिवहन विभाग ने भी छात्राओं को जागरूक करने की अनूठी पहल की। विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं को सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की शिकायत व्यवस्था कंप्लेंट मैकेनिज्म की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी छवि सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति 5 के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं व बेटियों को न केवल सुरक्षा का भरोसा देता है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया समझाते हुए उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित किया। वहीं एआरटीओ रमेश चंद चौबे ने छात्राओं को मिशन शक्ति की शिकायत प्रणाली के बारे में बताया और साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस के लाभ भी गिनाए। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने का कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह महिलाओं और युवतियों के आत्मविश्वास तथा स्वतंत्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उत्साह का आलम यह रहा कि सैकड़ों छात्राओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खुद को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया।

## एक नजर

### धौलाना पुलिस की अनूठी पहल, दिव्यांग दंपति की बेटी को दिलाई पढ़ाई की राह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हापुड़ पुलिस ने संवे. दनशीलता और मानवीय पहल का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। थाना धौलाना प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक एवं मिशन शक्ति प्रभारी रक्षा सिंह अपनी टीम के साथ बाल्मीकी बस्ती पहुंचीं। यहां उन्हें पता चला कि एक परिवार, जिसमें माता-पिता दोनों ही दिव्यांग हैं, अपनी 07वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी की पढ़ाई और घर का खर्च उठाने में कठिनाई झेल रहा है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने तुरंत निर्णय लेते हुए बालिका को अपनी टीम के साथ विद्यालय ले जाकर स्कूल प्रबंधन से बातचीत की। उन्होंने छात्रा की शिक्षा में आ रही बाधाओं को दूर कर सभी समस्याओं का समाधान कराया। साथ ही छात्रा को आश्वासन दिया कि पुलिस परिवार उसके साथ खड़ा है और उसकी पढ़ाई किसी भी हाल में रुकने नहीं दी जाएगी। पुलिस टीम ने न केवल शिक्षा से जुड़ी समस्या का समाधान किया, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दिव्यांग दंपति के परिवार को राशन सामग्री भी उपलब्ध करवाई। इस पहल से परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

थाना प्रभारी नीरज कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मकसद केवल महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल देना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा से जोड़ना भी है। उन्होंने साफ कहा कि धौलाना पुलिस हर उस परिवार के साथ खड़ी है, जिसे समाज और प्रशासन की मदद की ज़रूरत है। स्थानीय लोगों ने धौलाना पुलिस की इस पहल की जमकर प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी नीरज कुमार ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने में सख्ती दिखाई है बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील पुलिस का उदाहरण भी पेश किया है। इस अनूठी पहल ने साबित कर दिया कि मिशन शक्ति अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बेटियों और परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है।

### पुलिस की मानवीय पहल, रोते-बिलखते बच्चे को परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में नारी सुरक्षा एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 संचा. लित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना हापुड़ देहात पुलिस ने संवे. दनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया।

थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस को सूचना मिली कि एक मासूम बच्चा अकेला रोते-बिलखते सड़कों पर भटक रहा है। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और बच्चे को सुरक्षित अपनी अभिरक्षा में लिया। इसके बाद पुलिस ने बच्चे से पूछताछ कर उसके परिजनों का पता लगाया।पुलिस की तत्परता और मानवीय पहल के चलते कुछ ही देर में बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे को पाकर परिजनों की आँखों में खुशी के आँसू छलक पड़े और उन्होंने हापुड़ देहात पुलिस का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण है, बल्कि समाज के हर वर्ग को सुरक्षा और विश्वास की भावना प्रदान करना भी है। हापुड़ पुलिस द्वारा की गई यह त्वरित कार्रवाई अभियान की सफलता और पुलिस की संवेदनशीलता का स्पष्ट उदाहरण है।

### ठाकुरद्वारा मंदिर के नाम पर बना फर्जी ट्रस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील की ग्राम पंचायत खमरिया पट्टी में ठाकुर द्वारा मंदिर के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से ट्रस्ट बनाकर अपने और अपने चाहने वालों के नाम करवा लिए। इस मामले में पूर्व प्रधान रामनिवास पर भी आरोप लगाए गए थे, लेकिन बाद में सच्चाई सामने आने के बाद शिकायतकर्ता ने अपनी गलती मानी और पूर्व प्रधान रामनिवास से माफी मांगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने ठाकुरद्वारा मंदिर के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाकर अपने और अपने चाहने वालों के नाम करवा लिए। पूर्व प्रधान रामनिवास पर फर्जी ट्रस्ट बनाने वालों के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया गया था।शिकायतकर्ता ने बाद में अपनी गलती मानी और पूर्व प्रधान रामनिवास से माफी मांगी।शिकायतकर्ता ने कैमरे के सामने अपनी पूरी सच्चाई बताई और कहा कि उनका ट्रस्ट की कमेटी में कोई हाथ नहीं था।

# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस की एन्टीरोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक मनचले को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति के दृष्टिगत थाना पिलखुवा की एन्टीरोमियो टीम द्वारा लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक मनचले युवक चिन्टू पुत्र बिरजू निवासी ग्राम मदापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड को रामलीला मैदान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जीएस मेडिकल कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस के नए बैच के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को फाउंडेशन कोर्स से संबंधित विस्तृत जानकारी देना स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली की समझ विकसित कराना और संस्थान के विभिन्न विभागों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जीएस के शैक्षणिक वातावरण स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली तथा संस्थागत गतिविधियों का अवलो. कन कराया गया। वहीं अभिभावकों के लिए भी संवाद का आयोजन हुआ ताकि वे संस्थान की संरचना और अपने बच्चों की शैक्षणिक यात्रा को और बेहतर तरीके से समझ सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ डा. यतीश अग्रवाल वाईस चांसलर ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर डीन डा. प्रदीप गर्ग, डा सुरेन्द्र कुमार मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, डा. वनिता, डा. सरनदीप सिंह, उपनिदेशक मनोज शिशौदिया, सुमित सिंह रजिस्टरार उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है ओर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि एमबीबीएस की यात्रा कठिन लेकिन प्रेरणादायी है और कॉलेज विद्यार्थियों को हर संभव शैक्षणिक व नैतिक सहयोग प्रदान करेगा। मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट ने अस्पताल की सुविधाओं व क्लिनिकल ट्रेनिंग की जानकारी दी। वहीं डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने छात्रों को अनुशासन सांस्कृतिक गतिविधियों व खेलकूद की जानकारी दी। अभिभावकों के साथ म्युज़ियम सत्र भी रखा गया जिसमें उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया जिसे उपनिदेशक अंकित विज्ञ ने विस्तार से उत्तर दिए। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नीलम डिप्टी रजिस्टरार समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सेवा पखवाड़ा के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत आयोजित शिवि. रों की श्रृंखला में समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला सयुक्त चिकित्सालय हापुड़ में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक विजय पाल आढ़ती द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा शिविर में आए लोगों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही चार आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया एवं 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। शिविर में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में आए लोगों को जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह के द्वारा क्षय रोग के लक्षण उपचार एवं निदान के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी जिला सयुक्त चिकित्सालय अधीक्षिका डा. हेमलता सिंह स्वास्थ्य शिविर के नोडल अधिकारी डा राजेश सिंह डा. केपी सिंह जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी उपस्थित रहे।

# रेलवे ने मुक्तिधाम स्थल को बताया अपनी संपत्ति, निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ईदगाह स्थित मुक्तिधाम को रेलवे ने अपनी संपत्ति बताकर निर्माणकार्य गिराने की धमकी दे डाली जिसके बाद मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया है कि नगर में हिन्दुओं के शवों की अंतीम क्रियायें करने हेतु एकमात्र अवदाह स्थल "मुक्तिधाम पर विगत लगभग 25 वर्षों से मुक्तिधाम् समिति के सदस्यों ने नगर के विभिन्न दान दाताओं, सांसद निधि एवं विधायक निधि के सहयोग से इस अंतिम शरण स्थल को बनवाया है। समय की मांग को देखते हुए शव वाहनों एवं शव फ्रीजेरों को खड़ा करने की आवश्यकता महसूस हुई और दानदाता भी मिल गए तो पूर्व में ही बने हुए लकड़ी रखने के गोदामों के पास एक शेड का निर्माण प्रारंभकिया गया था कि दो दिन पूर्व ही रेलवे ने अपने दरा. ेगा आदि को भेज कर निर्माण कार्य को यह कह कर जबरदस्ती रुकवा दिया है कि मुक्तिधान की सारी जमीन रेलवे की है और उस पर किया गया मारा निर्माण अवैध है तथा उसको शीत्र ही ध्वस्त करा दिया जाएगा, पुलिस दरोगा के साथ रेलवे के इंजिनियर मीना (मो नंबर 9760541231) स्वयम फीता लेकर आये, नापजोख की और समिति के सदस्यों में अनर्गल भाषा में बात की।

### धान खरीद पर किसान नेता ने डीएम को लिखा पत्र

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जनपद में एक अक्टूबर जो धान पंजीकर्ण सत्यापित हो रहे है 48 कुन्तल प्रति हेक्टर के हिसाब से, गत बर्ष लगभग 68 कुंतल प्रति हेक्टर के हिसाब से धान की मात्रा सत्यापित हुई थी, तभ भी कुछ किसानो का धान सरकारी क्रय केंद्रों दर पर खरीदा नहीं जा सका जिससे वो लोग डैच से वंचित रह गये।

# फांसी के फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी के शव

## घटना से इलाके में फैली सनसनी, एक दिन पहले दोनो में हुआ था विवाद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सूबरा में बीती रात्रि पति-पत्नी के शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटके मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई।

शुक्रवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उनके होश उड़ गये। गांव सूबरा निवासी 35 वर्षीय विजय पुत्र बुद्धा एवं उनकी पत्नी भुरिया के शव लटके हुए थे। परिजनों द्वारा दोनों के शवों को तत्काल फंदे से नीचे उतारा गया। मृतक पति-पत्नी के परिवार में दो बेटी एवं एक बेटा है। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। गुरुवार की शाम किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। दोनों ने घर के ही कमरे में फांसी लगाई है। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे दोनों को फांसी के फंदे से नीचे उतरा गया। घटना की सूचना पर आदमपुर थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गये। हालांकि परिजन पुलिस से पोस्टमॉर्टम कराने की का इंकार कर रहे थे। लेकिन पुलिस पोस्टमॉर्टम करने की जिद पर अड़ गई। दोनों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। मृतक विजय का शव कमरे में पंखे पर लटका हुआ था। जबकि बराबर में स्थित पत्नी भूरिया का शव एक कुंडे में साड़ी के सहारे लटका हुआ था। माता-पिता की मौत से बेटे देवेंद्र,आदेश बेटी बबली का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका भूरिया उर्फ भूरी के मायके के तहेरे भाई अमरपाल के मुताबिक दोनों के बीच अक्सर विवाद रहता था। आये दिन दोनों के बीच कहासुनी होती रहती थी। जिसके चलते दोनों ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया की कल आपस में किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच लड़ाई हुई थी। उसके बाद रात में उनके द्वारा सुसाइड कर लिया गया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है

### बच्चे बोले! कहां चले गए मम्मी-पापा

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। कमरे में लटके माता-पिता के शव देख मासूम बच्चे बार-बार सवाल कर रहे थे मम्मी-पापा कहाँ चले गये? उनके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। ग्रामीण बताते हैं कि यह मंजर देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। नन्हे-नन्हे मासूमों की जिंदगी से माँ-बाप का साया उठ गया।

### चीखों से गूंज उठा गांव सूबरा

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। शुक्रवार सुबह जब दरवाजा खुला तो भीतर का दृश्य देखकर पूरे घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों की करुण पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी दौड़े चले आए। देखते ही देखते गांव की गलियां मातम में बदल गईं। हर कोई यही कह रहा था काश कल रात झगड़ा इतना न बढ़ा होता...

### कौन करेगा इन मासूमों की परवरिश

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर**। विजय और भूरिया की मौत के बाद गाँव में सबसे बड़ा सवाल बच्चों के भविष्य को लेकर उठ खड़ा हुआ है। रिश्तेदारों ने भले ही उनकी जिम्मेदारी निभाने की बात कही, मगर हर किसी की आंखों में यही चिंता साफ झलक रही थी कि इन मासूमों के सिर से माँ-बाप का साया हमेशा के लिए उठ चुका है। विजय और भूरिया के तीन छोटे बच्चों पर माता-पिता की मौत के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बच्चे बिलख-बिलखकर रो रहे हैं। रिश्तेदार उन्हें संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मासूमों का रोना हर किसी का दिल दहला रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब इन बच्चों की परवरिश सबसे बड़ी चुनौती होगी।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार किसान की मौत

### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हसनपुर**। ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार की मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द निवासी फतेह सिंह पुत्र हेतराम शुक्रवार की दोपहर घर पर बाइक में पेट्रोल डलवाने की बात कह कर निकला था। जब वह नगर के रहरा रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समीप पहुंचा तो बाइक सवार ट्रक की चपेट में आ गया तथा ट्रक उसे कुचलते हुए आगे को बढ़ गया। जिससे फतेह सिंह आयु 45 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक सवार की मौत होने से मौके पर काफी भीड़ लग गई तथा सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगने के लगने के कारण जाम लग गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर फतेह सिंह के शव की शिनाख्त करवाने का पुलिस ने प्रयास किया। जब लाश की शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने आनन फानन में फतेह सिंह के शव को उठाकर सील करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेह सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिजन कोतवाली पहुंच गये। फतेह सिंह अपने पीछे पांच बच्चों व पत्नी सरोज को रोते बिलखते छोड़ गये हैं। पुलिस ट्रक को कब्जे मे लेकर कोतवाली पहुंच गई। ट्रक टमाटरों से लदा हुआ था। बंदरों ने ट्रक पर बंधे तिरपाल को फाड़ कर उसमें से टमाटरों को निकालकर खाना शुरू कर दिया

### मुनाफे का झांसा देकर 45 हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर ठग ने युवक कसे 48 हजार रूपये ठग लिये। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे दी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती कलां निवासी रहमत अली किसी कम्पनी में पीतल के बर्तनों पर पॉलिश की ठेकेदारी करता है। तीस सितम्बर को उसके मोबाइल पर अंजान नम्बर से कॉल आयी। जिसमें कॉल करने वाले खुद को ट्रेडिंग कम्पनी का प्रतिनिधि बताया तथा शेयर बाजार में रकम लगाने का झांसा देकर रहमत अली से 43 हजार 500 रूपये खाते में जमा करा लिये। इसके बाद दो अक्टूबर को चार हजार पांच सौ रूपये फिर जमा कराये। और रकम मांगने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ तथा उसने डिडौली कोतवाली पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

# दुष्कर्म में झोलाछाप को सात साल की कैद

### कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किशोरी से दुष्कर्म के सात वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने झोलाछाप को सात साल का कठोर कारावास जबकि दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

घटना नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव में हुई थी। यहां पर किसान का परिवार रहता है। मुरादाबाद जनपद के कांठ थानाक्षेत्र के रवतापुर नवादा का रहने वाला शमीम गांव में डॉक्टर की दुकान करता था। 11 जुलाई 2019 को शमीम ने किसान की 16 वर्षीय बेटी को बहलाकर प्रयागराज ले गया। इस मामले में किसान ने शमीम के खिलाफ किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित किसान ने समीम के घर जाकर अपनी बेटी के बारे में पूछा तो उसके परिजनों ने भी गालियां दीं। जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया था। इसी बीच किसान और उनके परिजनों ने शमीम को इलाहाबाद हाई कोर्ट के गेट से पकड़ लिया। उन्होंने अपनी नाबालिग बेटी को भी बरामद कर लिया था। लेकिन, शमीम ने अपने अपहरण करने की बात कहकर किशोरी के पिता समेत छह लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा लिखवा दिया। इस मामले में इलाहाबाद कैंट थाना पुलिस ने किशोरी के पिता समेत सभी छह लोगों को शमीम के अपहरण की को. शिश में जेल भेज दिया था। बाद में नौगांवा सादात पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज कराए जिसमें किशोरी ने शमीम पर बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसके बाद नौगांवा सादात पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धाराओं की बढ़ोतरी की और आरोपी शमीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर था। प्रयागराज में दर्ज हुए मुकदमे से जमानत पर छूटकर आए किशोरी के परि. जनों ने मुकदमे की पैरवी की। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी बसंत सिंह सैनी पैरवी कर रहे थे। शुक्रवार को न्यायालय ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी शमीम को दोषी करार दिया। साथ ही उसे सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है

## एक नजर

### बाबा साहेब पर अभद्र टिप्पणी करने वाला पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी कर वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो काफी चर्चा में रहा। जब यह अधिकारियों पर पहुंचा तो छीनबीन शुरू करायी गयी। पता चला कि उक्त वीडियो देहात थाना क्षेत्र के गांव भौपुर तैया निवासी अभिषेक पुत्र नन्हें सिंह ने बनाकर वायल किया है। जिसमें बाबा अम्बेडकर के खिलाफ उसने अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। आनन फानन में पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### पालिका ने पकड़वाए कुत्ते

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा**। नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया।शहर के मौहल्ला शिवपुरी व कटरा से पालिका कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाकर 20 कुत्ते पकड़े गए। अभियान लगातार जारी रहने की बात कही जा रही है। नगर पालिकाध्यक्ष, ईओ व एसडीएम से बीते दिनों लोगों ने शिकायत करते हुए आवारा कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की थी। नगर पालिका ईओ अवधेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरुआत नगर के मौहल्ला कटारा से की गई। इसके बाद मोहल्ला शिवपुरी में आवारा कुत्ते पकड़े गए। दोनों मोहल्लों से 20 कुत्ते पकड़े गए हैं। कुत्तों को शहर से बाहर छोड़ दिया है। नगर पालिका की कार्रवाई से संबंधित लोगों ने राहत की सांस ली है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

### बिना कानूनी कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबा. जपुर ढोला में 20 वर्षीय नवविवाहिता प्रेमवती का शव उसके घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिलने से घर मे सनसनी फैल गई। यह मंजर देखकर परि. जनों में हड़कंप मच गया और उनकी चीख निकल गई। मृतका प्रेमवती की शादी इसी साल 16 अप्रैल 2025 को शाहबाजपुर ढोला निवासी हंसराज के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मुबारिजपुर कला स्थित मायके वाले मौके पर पहुंच गये। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आदमपुर थानाध्यक्ष कुमरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल मायके वालों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मामले की जांच जारी है।

# बरेली विवाद को लेकर प्रशासन सतर्क

### जामा मस्जिद में कड़ी सुरक्षा में हुई नमाज, ड्रोन से निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आइ लव मोहम्मद प्रकरण को लेकर बरेली में हुए बवाल के मद्देनजर शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। सुबह से ही सभी थाना प्रभारी क्षेत्र में गश्त करते रहे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भी नगर क्षेत्र में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। दोपहर बाद जिलेभर में जुमा की नमाज सकुशल संपन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को सुबह से ही एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानों की पुलिस ने क्षेत्र में गश्त शुरु कर दी थी। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर 12 बजे से विभिन्न मस्जिदों में नमाज शुरु हुई। वहीं सभी सीओ उनके क्षेत्र में थाना प्रभारियों के साथ गश्त पर रहे। ड्रोन से भी निगरानी की गई। दोपहर तक जिले में सभी जगह जुमा की नमाज सकुशल संपन्न हो गई। कहीं भी विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। खुद एसपी अमित कुमार आनंद ने नगर क्षेत्र में एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर व स्वाट टीम के साथ नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, संवेदनशील स्थानों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन को आश्वस्त किया गया कि त्योहारों के अवसर पर पुलिस प्रशासन पूर्णत सतर्क एवं मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की अराजकता, अशांति अथवा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे व शांति के साथ मनाया जाए। एसपी ने बताया कि जिलेभर में डायल-112 पीआरवी वाहनों को रणनी. तिक स्थानों पर तैनात कर त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना स्तर पर पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त एवं सतत भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग दें



अमरोहा। जुमे की नमाज को जामा मस्जिद का मौजूद एसपी व पुलिस कर्मी।

# हसनपुर में खूंखार कुत्तों ने 13 को किया घायल

### तीन गंभीर हालत में रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आवारा खूंखार कुत्तों ने 1 दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। 3 को हॉयर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।



ग्रामीण इलाके के साथ-साथ शहर में भी आवारा कुत्तों का आतंक फैला हुआ है। शहर में आवारा कुत्तों का आलम है कि 2 दिन के भीतर वह 13 लोगों को काटकर घायल कर चुके है। गुरुवार में शनिवार को आवारा कुत्तों ने संतोष, नीरज व प्रतीक पर हमला बोलकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसके साथ ही तनवी आयु 6 वर्ष, वकील 18, जयवीर 50, रुखसाना, नीरज 25, शशि अनीस 50, शिवा 25, रिंकू 6, अनुराधा 42 पर कुत्तों ने हमला बोल. कर उन्हें भी बुरी तरह से घायल कर दिया। चिकित्सकों ने संतोष, नीरज व प्रतीक को हालत नाजुक होने पर हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पर तीनों की हालत चिंता. जनक बनी हुई है। नगर में जगह-जगह कुत्तों के झुंड बैठे रहते है। अब यह खूंखार भी हो चुके है। मौका देखते ही महिलाओं खासकर बच्चों पर यह हमला बोलकर उन्हें घायल कर देते हैं। कई बार नगर पालिका से नागरिकों द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की गई है। लेकिन पालिका ने इस मामले में खाना पूर्ति कर मामले में इत्रश्री कर दी।




### महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। ईओ विपिन कुमार सेंगर ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास करा रहीं है। नगर पंचायत में उत्कष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। ईओ विपिन कुमार सेंगर ने कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास कराया है। वह बार्डर पर देश की रक्षा करने से भी पीछे नहीं है। जबकि देश के सर्वोच्च पद पर भी महिला ही आसीन है। हम सभी को महिलाओं को सम्मान करना चाहिये। आज वह घर के चूल्हे चौके से निकालकर देश सेवा में अपना योगदान दे रहीं है। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, मौ. नोमान, संजय कुमार व स्टाफ मौजूद रहा।

### आतिशबाजी से जगमगा उठा आसमान, महिलाओं ने मीना बाजार से की खरीदारी

# अंहकारी रावण का धूं-धूंकर जला पुतला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। भगवान राम के तीर से अंहकारी रावण का वध हो गया। इस दौरान जयश्रीराम के नारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। रामलीला मैदान में जमकर आतिशबाजी की गयी। लोगों ने जश्न मनाया जबकि मीना बाजार से महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

रामलीला के आखिरी दिन भगवान रा व रावण के भीषण युद्ध का मंचन किया गया। इस दौरान श्रीराम ने रावण की नाभी को निशाना बनाकर तीर छोड़ा तथा उसका वध किया। रावण के मरते ही जय श्रीराम के नारों की गुंज सुनाई दी। इस दौरान ग्राउंड में रावण का पुतला धूं धूंकर जला जबकि कमेटी द्वारा जमकर आतिशबाजी की गयी। मीना बाजार में महिलाओं ने श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। नगर ही नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी यहां लोग राम रावण का युद्ध देखने पहुंचे। राम के रूप में सजे कलाकारों के साथ ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र ढिल्लो व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

**दशहरे के अगले दिन जोया में हुआ रावण दहन**

मंयक कुमार मोनू ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले का दहन किया। उसके दस शीष कटकर हवा में लहरा रहे थे। आतिशबाजी से पूरा आकाश जगमगा उठा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल यहां मौजूद रहा। इस मौके पर भाजपा नेता विजय पाण्डेय, अनिल त्यागी, अतुल चौधरी, विपिन कुमार, सुभाष गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, सुशील गुप्ता, राजू टांक, बब्लू गुड्डू, राजीव, चन्द्रपाल, परमजीत सिंह, जीतू, अंकित चौधरी, शुभम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कड़े पहरे में नमाज अदा कर शांति से घरों को लौटे नमाजी

■ पुलिस-प्रशासन ने शहर में की थी कड़ी-सुरक्षा व्यवस्था
■ हर गली-नुक्कड़ पर फोर्स रही तैनात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली शहर में पिछले शुक्रवार को नमाज के बाद हुए बवाल के मद्देनजर इस जुमा पर पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी रही। शहर से लेकर अन्य संवे. दनशील क्षेत्रों में करीब 8500 पुलिस-फोर्स तैनात रही। बरेली मंडल के पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के अलावा, मुरादाबाद, सहारनपुर और संभल तक पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। बरेली समेत रुहेलखंड और पश्चिमी यूपी के जिलों में शांतिपूर्वक नमाज अदा करके लोग घरों को लौट गए।



ई-पेपर सब्सक्रिप्शन



बता दें कि बरेली में 26 सितंबर को जुमा की नमाज के बाद मौलाना तौकीर रजा ने प्रदर्शन की कॉल की थी। हालांकि मौलाना को रात में ही पुलिस ने नजरबंद कर दिया था। लेकिन नमाज के बाद प्रदर्शन के लिए जुटी भीड़ का पुलिस के साथ टकराव हो गया। पुलिस ने लाठीचार्ज करके भीड़ को खदेड़ दिया था। पुलिस ने हिंसा भड़काने और पुलिस टीम पर हमले के आरा. ेप में शहर के अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज की थीं। इनमें 3000 से अधिक नामजद और अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को ही मौलाना तौकीर रजा को गिरफ्तार कर, फर्रुखाबाद की फतेहगढ़ स्थित सेंट्रल जेल भेज दिया था। मौलाना के साथी नफीस अहमद, नदीम खान समेत करीब 85 से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजे जा चुके हैं। बरेली बवाल में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। अब तक आरो. पियों की 100 संपत्तियां चिन्हित की जा चुकी हैं, जो बुलडोजर के निशाने पर हैं। इस बीच आला हजरत खानदान से जारी एक संयुक्त बयान में पुलिस-प्रशासन से निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई न करने की अपील की गई है। इस संदेश के साथ कि बेकसूरों पर कार्रवाई बंद की जाए और बुलडोजर का खौफ शांत कराया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।

विरोध की चुनौतियों के बीच जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार की शाम से 48 घंटे के लिए दोबारा इंटरनेट बंद कर दिया था। शुक्रवार को सड़कों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। हजारों की संख्या में पुलिसकर्मी शहर के चप्पे-चप्पे पर डटे रहे।

उधर, दरगाह की ओर से शांतिपूर्वक नमाज अदा करके घरों को लौटने का संदेश जारी किया गया था। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने शनिवार 4 अक्टूबर को 11वीं शरीफ पर निकलने वाले जुलूस-ए-गौसिया को रद्द कर दिया है। पुलिस-प्रशासन और दरगाह के जिम्मेदारों की संयुक्त कोशिशों के बीच बरेली में जुमा की नमाज के बाद कहीं से कोई विरोध की आवाज नहीं उठी और नमाज अदा करके नमाजी शांति के साथ अपने घरों को लौट गए। बरेली के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही स्थितियों पर नजर बनाए रहे और चप्पे-चप्पे की स्थिति भांपते रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमुंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट कर उसपर भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को अपनी हिरासत में ले लिया है। जानकरी के मुताबिक 22 साल के मो. शाहिद पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम परोही ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल की थी। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई, और आरोपी युवक के खिलाफ धारा 353(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सोमवार से खुलेगा तुमड़िया का प्राथमिक स्कूल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** सोमवार से तुमड़िया का प्राथमिक स्कूल खुलेगा। तीन दिन पहले अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

गुजरी 29 सितंबर को सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंग. वार एड के साथ क्षेत्र के गांव तुमड़िया के दर्जनों छात्र उनके अभिभावक एसडीएम उदित पवार से मिले, और उन्हें ग्राम के बन्द किए गए प्राथमिक स्कूल को खुलवाए जाने की मांग की थी। मालूम हो गांव के इस विद्यालय को दो किलोमीटर दूर मुड़िया तेली के प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया था। दो किलो मीटर दूर होने की वजह से छोटे-छोटे छात्र शिफ्ट किए गए स्कूल नहीं जा रहे थे। एसडीएम ने अभिभावकों की इस मांग पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड अभिभावकों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव से मिलीं, और छात्रों के भविष्य को देखते हुए बन्द स्कूल को तत्काल खुलवाए जाने की मांग की। इस मांग पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव सिंह ने तुमड़िया स्कूल की प्रधानाध्यापक को सोमवार से बन्द स्कूल को खोले जाने के आदेश दिए हैं। इसमें बीडीसी अर्जुन, रीना, रजनी, प्रेमपाल, मुनीश कुमार, राजेश कुमार, जीवन राम आदि अभिभावक शामिल थे।

### पुलिस ने सीएम के फोटो के साथ छेड़छाड़ करने वाले भेजे जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नबावगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के छेड़छाड़ किए जाने के मामले में पुलिस ने ग्राम बरौर के इमरान और सलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो को एडिट कर अशोभनीय चित्र लगा दिया था। इस मामले में कुंडरा कोठी के उप निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### कल होगा श्मशान भूमि उत्थान समिति का शपथ ग्रहण समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पांच अक्टूबर को होने वाले शमशान भूमि उत्थान समिति के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे की शमशान भूमि उत्थान समिति के विगत दिनों हुए चुनाव में सेवा. निवृत कर्मी सुरेंद्र कुमार सक्सेना को अध्यक्ष, धर्मपाल यादव को महामंत्री और महेन्द्र राठौर को कोषाध्यक्ष चुना गया था। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारी भी चुने गए थे। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का पांच अक्टूबर को शाम 5 बजे समिति के कार्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौर के साथ ही समाजसेवी रमेश गंगवार भी भाग लेंगे।

# जुमे की नमाज पर हाई अलर्ट, ड्रोन से निगरानी 8500 सुरक्षाकर्मी तैनात



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए बरेली जिले में इंटरनेट सेवाएं शनिवार तक के लिए निलंबित कर दी गई हैं। प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है और शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ के कुल 8500 जवान तैनात किए गए हैं, जिनमें से लगभग 6000 शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के जरिए छतों की निगरानी की जा रही है। शहर को चार सुपर जोन और चार स्पेशल जोन में बांटा गया है।

पिछले शुक्रवार को हुए उपद्रव के बाद शहर में शांति बनी हुई है, लेकिन कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में जुटे हैं। बवाल के दो दिन बाद इंटरनेट सेवा बहाल होने पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री सामने आई, जिसके बाद खुफिया विभाग ने माहौल फिर से खराब होने की आशंका जताई। दशहरे की छुट्टी के बावजूद गुरुवार को प्रशासन ने आंतरिक तैयारियां पूरी कीं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मिश्रित आबादी और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अफवाहों को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं एहतियातन बंद की गई हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। बरेली जोन के अन्य आठ जिलों से आई पुलिस और पीएसी की टुकड़ियों को शहर में रोका गया है। पिछले शुक्रवार के बवाल के दौरान ड्रोन से रिकॉर्ड किए गए वीडियो के आधार पर पुलिस सतर्क है। इस बार ड्रोन निगरानी के लिए आठ टीमें तैनात की गई हैं, जो सुबह से ही संवेदनशील इलाकों की छतों की जांच करेंगी। शहर को चार सुपर जोन में बांटकर 225 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

### जुमे की नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था

**चार सुपर जोन**

1. मलूकपुर से बिहारीपुर ढाल
2. इस्लामिया मैदान से कुतुबखाना, नौ महला मस्जिद
3. कोहाड़ापीर से बांसमंडी, साहू गोपीनाथ
4. शाहदाना से ईंट पजाया, श्यामगंज व सिकलापुर

**चार स्पेशल जोन**

1. किला (सराय, बाकरगंज चौकी और जखीरा मोहल्ला)
2. सैलानी (बारादरी थाना क्षेत्र का अल्पसंख्यक बाहुल्य हिस्सा)
3. नकटिया (कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया और आसपास के इलाके)
4. बानखाना (प्रेमनगर थाना क्षेत्र का संवेदनशील हिस्सा)

**सुरक्षा बलों की तैनाती**

- चार एसपी (अन्य जिलों से आए आईपीएस अधिकारी)
- 19 एएसपी (बरेली में तैनात आईपीएस और वरिष्ठ पीपीएस अधिकारी)
- 29 सीओ
- 180 इंस्पेक्टर
- 550 दरोगा
- 4800 बरेली पुलिस के सिपाही और दीवान
- 2000 अन्य जिलों से आए सिपाही और दीवान
- 10 कंपनी पीएसी और आरएएफ (लगभग 1200 जवान)
- 200 पुलिसकर्मी और खुफिया कर्मी सादे कपड़ों में भीड़ में रहे।

प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि पांच या इससे अधिक लोगों का बिना कारण इकट्ठा होना कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा। शांति व्यवस्था से संबंधित किसी भी शिकायत या समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 0581-2422202 या 0581-2428188 पर संपर्क किया जा सकता है। बवाल के बाद से सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक और आधी-अधूरी जानकारी फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। एसएसपी की सख्ती के बाद सोशल मीडिया सेल ने ऐसे कंटेंट पोस्ट करने वालों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। तीन यूट्यूबरों को चिह्नित किया गया है, जिनमें दो हजियापुर और एक फरीदपुर के हैं। इनके खिलाफ मुकदमे में नाम शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

# रुद्रपुर से चुराई गई मोटरसाइकिल के साथ तीन ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार



■ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** उत्तराखण्ड से चुराई गई एक मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन ऑटोलिफ्टरों को पकड़ा है। पकड़े गए ऑटोलिफ्टरों ने मोटरसाइकिल की पहचान छिपाने के लिये उसपर फर्जी नंबर प्लेट भी लगा दी थी। तीनों युवकों को पकड़ने के बाद पुलिस उन्हें थाने ले आई, और मुक. दमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

उ0नि0 शिव कुमार मिश्र, रजनीश कुमार, हे0का0 सरजीत सिंह, का0 विकित सोलंकी, संदीप कुमार को रात में गश्त करने के दौरान सूचना मिली कि तीन व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ ग्राम रूड़की मार्ग आईटीआई कॉलेज से पहले लिंक रोड पर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और घेराबंदी कर तीनों युवकों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए तीनों युवकों ने पुलिस को बताया कि उक्त मोटरसाइकिल उन्होंने दिनांक 13.08.2024 को एचडीएफसी बैंक रुद्रपुर से चोरी की थी।

तीनों युवकों ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल की पहचान छिपाने के लिये उन्होंने फर्जी नम्बर प्लेट लगा दी थी। पुलिस पकड़े गए तीनों ऑटोलिफ्टरों सोनू पुत्र महेन्द्रपाल निवासी कोडमपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली हाल निवासी वार्ड न0-04 ट्राजिस्ट कैम्प रूद्रपुर, राजेश पुत्र त्रिवेणी सहाय निवासी गुनाह हट्टू थाना देवरनियां जनपद बरेली हाल निवासी किराया मकान अनिल राजा कालोनी थाना ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर उत्तराखण्ड व बालअपचारी निवासी चकदे परैवा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली के खिलाफ धारा 318 (4)/317(2)/317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

# दशानन का वध होते ही गूंजे श्रीराम के जयकारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** गुरुवार को दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर में जगह-जगह रामलीला में रावण वध का मंचन किया गया। इसके बाद पुतला दहन हुआ। रामलीला मेले में भारी भीड़ उमड़ी।

असत्य और बुराइयों का अंतत: नाश होता ही है, अहंकारी रावण के वध के साथ एक बार रामलीला के मंचों से यही संदेश दिया गया। बृहस्पतिवार रात को रंगारंग आतिशबाजी के बीच श्रीराम ने अंतिम तीर चलाया और देखते-देखते हुए रावण का विशाल. काय पुतला जलकर खाक हो गया। इससे पहले कुंभकरण और मेघनाद भी मारे गए। रावण के मारे जाते ही आकाश श्रीराम की जयघोष से गूं. जने लगा। बरेली के हार्टमन मैदान पर चल रही उत्तर भारत की सबसे पुरानी 45वीं रामलीला में बहस्पतिवार को विजयदशमी पर खूब भीड़ उमड़ी। शाम ढलते ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। जैसे जैसे दिन ढलता गया मेले को चहल पहल बढ़ती गई। मेले में रावण दहन से पहले अयोध्या से आई टोली ने श्रीराम व रावण के बीच युद्ध का मंचन किया। मंचन में दिखाया गया कि भगवान राम तीर चलाते रहे लेकिन रावण पर सभी बेअसर रहे। विभीषण ने रावण के अमरत्व का रहस्य बताया। इसके बाद राम ने मंत्रोच्चारण करके बाण चलाया तो



रावण चीत्कार करते हुए धराशायी हो होया। कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर उमेश गौतम, भाजय के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे।

सुभाषनगर में चल रही रामलीला में बृहस्पतिवार को श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान आरती से मेले का शुरुआत की गई। इस दौरान भगवान राम व लंकापति के बीच हुए भीषण युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध में किसी तरह से भी रावण का वध न होते देख विभीषण ने राम से उसकी नाभि पर तीर मारने के लिए कहा। नाभि पर तीर लगते ही रावण युद्ध भूमि में गिर पड़ा। उसका वध होते ही जय श्रीराम के जयकारों ने पूरा पंडाल गूंज उठा। मैदान में लगे रावण, मेघवाद, कुंभकरण के पुत्रों का दहन करने के साथ ही आतिशबाजी भी की गई।

सीबीगंज में धूमधाम से मनाया 44वां दशहरा मेला आईटीआर



कॉलोनी के चौक पंथा आठ में 44वां दत्तहरा मेला धूमधाम से मनाया गया। मेले का शुभारंभ सांसद छत्रपाल गंगवार ने किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। मेले में आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। रात नौ बजे रावण के पुतले का दहन किया गया।

# बरेली में नहीं निकलेगा जुलूस-ए-गौसिया

■ दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने अंजुमनों के साथ बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कानपुर में बारावफात (ईद मिलादुन्नबी) पर एक पोस्टर पर उठा विवाद बड़ा बवंडर बन गया। बरेली में एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार इंटरनेट शटडाउन है। पिछले जुमे को यहां प्रदर्शन करने उतरी भीड़ पुलिस से उलझ गई थी। पुलिस ने बलप्रयोग करके भीड़ को खदेड़ा और उसके से यहां पुलिस की कठोर कार्रवाई जारी है। बुलडोजर के खौफ ने एक बड़ी आबादी की नींद उड़ा रखी है। इस बीच चार सितंबर को 11वीं शरीफ है, जिसे जश्ने-गौस-ए-आजम है या जुलूस-ए-गौसिया भी कहा जाता है। हालात को देखते हुए दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने इस बार बरेली में जुलूस-ए-गौसिया निकालने से इनकार कर दिया है।

दरगाह के सज्जादानशीन ने अंजुमन गौस-ओ रजा के साथ एक बैठक में ये फैसला किया है। करीब 80 अंजुमनों के साथ पुराना शहर के सैलानी रजा चौक से, शेख अब्दुल कादिर बगदादी, गौस पाक की शान में ये जुलूस निकाला जाता है।



दरगाह और कमेटी ने संयुक्त बयान में कहा कि हालात को देखते हुए इस साल जुलूस रद्द किया गया है। अगली साल पूरी शानो-शौकत के साथ जुलूस निकाला जाएगा। सज्जादानशीन ने कहा कि अपने घरों पर फातिहा, लंगर करें। दोपहर दो बजे सज्जादानशीन की मौजूदगी में रजा चौक पर एक रस्मी यानी संक्षिप्त कार्यक्रम होगा।

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने 26 सितंबर को प्रदर्शन का ऐलान किया था। जुमा को प्रदर्शन की रात पुलिस ने मौलाना को फाइक एंक्लेव में फरहत के घर पर हाउस अरेस्ट कर लिया। जुमे की नमाज के बाद कुछ भीड़ सड़कों पर आ गई और उसे रोकने के दौरान पुलिस से टकराव हो गया। इसके बाद पुलिस ने लाठियां भांजकर भीड़ को खदेड़ दिया। हिंसा भड़काने के आरोप में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा खान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इस प्रकरण में अब तक 85 से अधिक लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। करीब 100 संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जो बुलडोजर की रडार पर हैं। मौलाना के साथी नफीस अहमद, नदीम खान समेत कई लोग जेल जा चुके हैं और बरेली में एक तरह की बेचैनी और भय का माहौल बना है। उधर, पुलिस-प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बरेली में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स का पहरा लगा है। पूरा शहर छावनी बना है। 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद हैं।

# बवाल भड़काने वाले पदाधिकारी और मौलाना के करीबी अंडरग्राउंड



■ खुल चुकी तौकीर और नफीस की फाइल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शहर में हुए बवाल के आरोपियों को अधिकतम सजा दिलाने के लिए पुलिस 10 मुकदमों की चार्जशीट को दमदार बनाने में जुटी है। इसमें तकनीकी साक्ष्यों को शामिल करने के लिए एसएसपी ने नौ सदस्यीय टीम गठित की है। साथ ही, धुंधली फुटेज से चेहरों की पहचान के लिए बरेली पुलिस ने विशेष सॉफ्टवेयर खरीदा है।

शहर में शुक्रवार को माहौल भड़काने वाले आईएमसी नेता और मौलाना के करीबी अंडरग्राउंड हो गए हैं। संबंधित थानों की पुलिस इनकी तलाश में दबिश दे रही है तो एलआईयू इनकी भूमिका की जांच कर रही है। इनके निगरानी कार्ड भी जारी करने की तैयारी है।

भड़काऊ बयानों और सोशल मीडिया पर मैसेज व पोस्ट भेजकर आईएमसी प्रमुख की नजरों में कद बढ़ाने वाले कई पार्टी पदाधिकारी व नेता मुकदमों में नामजद होने के बाद जेल जा चुके हैं। कई नामजदों की गिरफ्तारी शेष है तो तीन हजार से ज्यादा अज्ञात लोगों की भीड़ को चिह्नित कर मुकदमे में नाम खोलना भी चुनौती है।

पुलिस नामजदगी बढ़ाने के बाद आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं खुराफात करने वाले घरों से भाग गए हैं। कुछ के घरों में ताले लगे हैं तो कुछ के घरों में महिलाएं व बच्चे ही हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि वीडियो देखकर यह तय किया जा रहा है कि जुलूस में ज्यादा आक्रमकता किसने दिखाई दी। ऐसे लोगों को चिह्नित करने में एलआईयू भी लगी है। एलआईयू इन्हें निगरानी कार्ड जारी करेगी। इसके बाद वह जीवन भर खुफिया अमले की नजर में रहेंगे, और समय-समय पर उनकी मॉनीटरिंग व परेड कराई जाया करेगी।

### मौलाना व नफीस की खुल चुकी है फाइल

एलआईयू ऐसे गंभीर मामलों में पहले आरोपियों का निगरानी कार्ड जारी करती है। किसी व्यक्ति की खुराफात फिर भी बंद न होने पर उसकी अलग से विशेष पत्रावली (फाइल) खोली जाती है। फिलहाल मौलाना तौकीर व उसके करीबी डॉ. नफीस की फाइल काफी समय से खुली हुई है।

### आईएमसी के 77 सक्रिय सदस्य और नेता रडार पर

पुलिस के मुताबिक आईएमसी के 77 सक्रिय सदस्यों व पदाधिकारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। इनमें से कई उस दिन बवाल में शामिल थे, और विभिन्न स्थानों पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व हमले किए थे। अब पुलिस उस दिन इनकी सर्विलांस डिटेल निकालने के साथ ही सीसी फुटेज से सक्रियता का पता लगाने में जुटी है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद मुकदमों में इनका नाम बढ़ाया जाएगा, साथ ही गिरफ्तारी भी की जाएगी। इज्जतनगर थाना क्षेत्र परतापुर निवासी आईएमसी का पूर्व पदाधिकारी हार्टमन स्कूल के पास रहने वाले अपने गुर्गों को लेकर प्रदर्शन में आया था, इनके कई वीडियो वायरल हुए। अब ये लोग दिल्ली भाग गए हैं। फतेहगंज पश्चिमी के कुरतरा गांव निवासी कुछ स्मैक तस्कर व अपराधी छवि के लोग भी मौलाना के बुलावे पर बरेली आए और विरोध किया।

# जाति, सम्प्रदाय, भाषा की दीवारों से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद को अपनाएं: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस (2 अक्टूबर, 2025) पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये डीएम ने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर बधाई दी।



इस अवसर पर डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पूरे जिला प्रशासन की ओर से मैं नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर वहां लिखे स्लोगन की तरफ ध्यान आकर्षण करते हुए उन्होंने कहा कि "अचारण रहित विचार कितने ही अच्छे क्यों न हो झूठे मोती के समान है।" अर्थात कथनी-करनी में अंतर होने से कोई लाभ नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि जब गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से आये थे और गंगा तट पर बैठे थे तो उन्होंने देखा कि नदी के दूसरे तट पर एक महिला बैठी थी, जिसके पास अपने शरीर को पूरी तरह ढकने के लिए वस्त्र नहीं थे, तब गांधी जी ने अपनी चादर पानी में बहाकर उस महिला तक पहुंचा दी और शपथ ली कि जब तक पूरे देश के लोगों के शरीर पर वस्त्र नहीं होगा तब तक मैं अपना पूरा शरीर नहीं ढकूंगा। उनका व्यक्तित्व हमें आज भी प्रेरणा देता है।

डीएम ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के परिवार को जब प्रधानमंत्री भवन खाली करना पड़ा तो उनके पास रहने के लिए दो कमरों का मकान भी नहीं था, जहां जाकर उनका परिवार रह सके, तब सरकार ने उनके परिवार के लिए किराये के मकान की व्यवस्था की। उनकी ईमानदारी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिये।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले में प्रधानमंत्री की प्रेरणा से ग्रामीण अंचल पर युवाओं में विभिन्न खेलो में छिपी प्रतिभाओं को एक मंच के माध्यम से निखारने के लिए सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से ब्लॉक, तहसील ओर जिला स्तर पर विभिन्न खेलों का आयोजन करते हुए युवाओं को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आज से शुरू हो रहे सांसद खेल महोत्सव का यमुनापुरम स्टेडियम शुभारंभ सांसद डॉ0 भोला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 अंतुल तेवतिया, डीएम श्रुति ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकली महाचंडी शोभायात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** नगर में गुरुवार की रात विजयदशमी के अवसर पर श्री महाचंडी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान केरल की झांकियां और 93 वर्ष के इतिहास में पहली बार निकाला गया चामुंडा मैया का स्वरूप लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। इस वर्ष कलाकार भरत कौशिक ने चामुंडा मैया का स्वरूप धारण किया, जो शोभायात्रा का एक विशेष आकर्षण था। मैया का श्रृंगार सोने के रानी हार, चोकर, नथ, माथा पट्टी सहित अन्य आभूषणों से किया गया था। श्री महामंडी अखाड़ा कमेटी की ओर से मैया के नौ स्वरूप भी निकाले गए। शोभायात्रा नगर के डिप्टी गंज, अंबर सिनेमा रोड, बूरा बाजार चौराहा सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान केरल की दो झांकियों ने विशेष रूप से श्रद्धालुओं का मन मोहा। लाखों की संख्या में मौजूद भक्तों ने मां के हाथों से प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने बताया कि यह आयोजन हर साल भव्यता के साथ किया जाता है। इस अवसर पर अमित वर्मा, रिंकू, सुनील वर्मा, दीपक वर्मा, विमल वर्मा, मनीष, मो. हित आदि उपस्थित रहे।

# चलती कार बनी आग का गोला



शाह टाइम्स संवाददाता

**जहांगीराबाद।** क्षेत्र के औरंगाबाद मार्ग पर एक चलती कार में आग का गोला बन गई। कार में सवार लोगों ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र निवासी वसीम अपने सहारनपुर निवासी रिश्तेदार आस मोहम्मद के साथ कार से जहांग. ीराबाद आ रहा था। जैसे ही वह प्रेमनगर के पास पहुंचे तो कार में आग लग गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। धूँ-धूँकर जलती कार को देखकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। राहगीर भी फोन से घटना का वीडियो बनाने लगे। सूचना मिलने पर ाायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जलती कार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। करीब तीन माह पहले भी जहांगीराबाद में कार में आग लगने से पांच लोग जिंदा जलकर मर गए थे। इस संबंधा में थाना प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार का करना है कि ाायर ब्रिगेड द्वारा आग पर काबू पा लिया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## मुस्लिमों ने काली शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बीते गुरूवार को पहासू कस्बे में विजयदशमी के अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने माँ काली की शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शोभायात्रा जैसे ही मुख्य मार्ग से गुजरती हुई स्थानीय मस्जिद के पास पहुँची, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूलों की बरसात की। इस दौरान पूरा माहौल भाईचारे और सौहार्द की भावना से सराबोर हो उठा। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने वाला कदम बताया। इसी के साथ शाम को रावण दहन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। रावण के पुतले के दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश गूंज उठा। शोभायात्रा और रावण दहन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसपी देहात तेजवीर सिंह स्वयं मौके पर मौजूद थे और पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। हर चौराहे और मार्ग पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना न रहे।

# संचारी रोगों की रोकथाम को जनसहयोग जरूरी

### पांच से 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनसहयोग जरूरी है। जहां भी जलभराव की समस्या है उसे जल्द से जल्द दूर किया जाये।

कलेकट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से संबंधित बैठक ली। उन्होंने कहा कि 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष रोग नियंत्रण जबकि 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। अधिकारी जनसहभागिता से इस अभियान को सफल बनायें। जहां भी जलभराव की समस्या है उसे समय रहते दूर करें। ग्राम प्रधानों, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायकों आदि के साथ संवाद करें उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया जाये। माइक्रोप्लान के अनुसार संबंधित विभाग गतिविधियों को संचालित करे। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई की जाये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, सीएसएस डा. एके भंडारी, डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आभा दत्ता आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज की टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**जोया।** रोडवेज बस ने हाइवे पर ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पीछे से घुसी कार में सवार सात लोग मामूली रूप से घायल कर दिये। हादसा गुरुवार रात रजबपुर थाना क्षेत्र में गांव झनकपुरी में यह हादसा हुआ।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कनपुरा निवासी किसान ताहिर हुसैन रात ट्रैक्टर-ट्राली में धान लाद कर हापुड़ मंडी जा रहे थे। जब वह हाईवे पर झनकपुरी के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ताहिर हुसैन ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिर गए तथा उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार भी बस से टकरा गई। कार में सवार चार लोग भी घायल बताए जा रहे हैं, लेकिन वह बगैर कार्रवाई के चले गए थे। वहीं रोडवेज बस में सवार तीन यात्री भी चोटिल हुए थे।

जबकि चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने घायलों का उपचार निजी अस्पताल में कराया। उपचार कराने के बाद सभी घायल चले गए थे। उधर दोपहर बाद पोस्टमार्टम करा कर स्वजन ने मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया है। सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन कब्जे में ले लिए हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया गांधी पार्क का उद्घाटन




शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा निर्मित गांधी पार्क का भव्य उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नेक्स्ट जनरेशन ळैज सुधार के अंतर्गत "जीएसटी बचत उत्सव" कार्यक्रम में भाग लिया और नगर की विभिन्न दुकानों पर पहुँचकर दुकानदारों से संवाद किया। उन्होंने वस्तुओं के मूल्यों में हुई छूट को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्घाटन समारोह में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी पीलीभीत-शाहज. हांपुर डॉ. सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, पूर्व राज्य मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य ब्रज क्षेत्र रजनीश पाण्डेय, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष प्रफ्फुल मिश्रा, जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, सभासद एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय जनों ने बताया कि गांधी पार्क का निर्माण पूरनपुर की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम देगा। यह न केवल मनो. रंजन का केंद्र बनेगा, बल्कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की अमर विचारधारा को भी जीवंत बनाए रखेगा। नगरवा. सियों ने इस अवसर को पूरनपुर की धरा के लिए गर्व और गौरव का प्रतीक बताते हुए इसे स्वर्णिम भविष्य की दिशा में एक ऐतिहा. सिक कदम करार दिया।

# त्रिवटीनाथ चीनी मिल गन्ना किसानों को देगी आर्थिक मजबूती : संजय सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** प्रदेश सरकार किसानों और युवाओं की आर्थिक मजबूती के लिए लगातार काम कर रही है। पीलीभीत सीमा के पास बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम बहादुरग. ंज में दशहरा पर्व के अवसर पर नवनिर्मित त्रिवटीनाथ चीनी मिल में आयोजित हुआ भव्य पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि यह मिल गन्ना किसानों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य किसानों की आमदनी बढ़ाना और युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, जिसमें चीनी उद्योग अहम भूमिका निभा रहा है। संजय सिंह गंगवार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में मात्र डेढ़ साल के भीतर प्रदेश में 123 वीं चीनी मिल शुरू होने जा रही है।

बहेड़ी क्षेत्र की यह त्रिवटीनाथ चीनी मिल 2500 टीसीडी क्रशिंग क्षमता से गन्ना पेराई के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह मिल न सिर्फ गन्ना किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करेगी, बल्कि आसपास के युवाओं को रोजगार और व्यवसायिक अवसर भी प्रदान करेगी। मिल के चेयरमैन रामसेवक भारद्वाज ने कहा कि गन्ना किसानों को समय पर गन्ना मूल्य भुगतान करना चीनी मिल की पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने कहा कि त्रिवटीनाथ चीनी मिल का उद्घाटन शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से कराया जाएगा।

## लापता बेटे की बरामदगी की गुहार

**हसनपुर।** मदरसा छात्र घर से अचानक लापता हो गया। परिजनों ने उसके दोस्त पर गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला होली वाला हिरन वाला निवासी शमसुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन का 19 वर्षीय पुत्र फाईज 29 सितंबर को घर से दोपहर के समय गायब हो गया। परिजनों ने उसे तमाम संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। पिता शमसुद्दीन ने नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक पर बेटे को घर से ले जाकर उसे गायब करने का आरोप लगाया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पिलाना (बागपत)**

पत्रांक 933 /लेखा/क्षेत्र पं./2025-26 दिनांक 26.09.2025

**अल्पकालीन निविदा आंमन्त्रण सूचना**

क्षेत्र पंचायत पिलाना के द्वारा वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग/15 वॉ वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड)/ पंचम वित्त आयोग मद में प्रस्तावित / स्वीकृत कार्य कराने के लिये शासकीय विभाग में पंजीकृत फर्मों की शीलबन्द निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 06.10.2025 तक प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा की लागत धनराशि को खण्ड विकास अधिकारी पिलाना बागपत के नाम से कैनरा बैंक पिलाना में स्थित खाता संख्या 85702200000855 जमा कर प्राप्त कर सकते हैं या सीधे कार्यालय जमा करा सकते है। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी पिलाना बागपत के नाम से जमा करनी होगी व निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 100 रूपये का शपथ पत्र अनुबन्ध के रूप में देना होगा। निविदा दिनांक 06.10.2025 की दोपहर 12:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्व. लागत( लाख रू.में ) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हरियाखेडा में श्री राजकुमार से राजपाल झण्डा तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 3.87 | 400 | 03 माह |
| 2 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सैहडभर में मैन सराय रोड से सुखबीर के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 2.69 | 300 | 03 माह |
| 3 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मुकारी श्री विनोद पुत्र खजान से भुषण पुत्र शिवकुमार शर्मा के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.97 | 1000 | 03 माह |
| 4 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हरियाखेडा मे बनियो से फेरू कालोनी तक नाली निर्माण कार्य। | 9.98 | 1000 | 03 माह |
| 5 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हिसावदा में ओमवीर से आन्नद तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 6.15 | 700 | 03 माह |
| 6 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सिघावली अहीर में विभिन्न गलियों में इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 9.94 | 1000 | 03 माह |
| 7 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत डौलचा में श्री नन्द राम से श्री अनिल तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 5.14 | 600 | 03 माह |
| 8 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत चमरावल में सीता के खेत से शमसान घाट तक नाला निर्माण कार्य। | 9.97 | 1000 | 03 माह |
| 9 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सैहडभर में इस्लामी मदरसे से अफलातुन तक अवशेष इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 3.55 | 400 | 03 माह |
| 10 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हबीबपुर नंगला में श्री चमन से देवेन्द्र तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 1.74 | 200 | 03 माह |
| 11 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत लुहारा में मैन बडौत रोड से फारूख के प्लाट तक नाला निर्माण कार्य। | 7.79 | 800 | 03 माह |
| 12 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत बुढसैनी में ओमें के खेत से राजसिहं के खेत तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 3.52 | 400 | 03 माह |
| 13 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत घटौली में भगवान सहाय से राजेन्द्र तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 7.93 | 800 | 03 माह |
| 14 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत घटौली में दत्तनगर मार्ग से नागेन्द्र त्यागी तक खण्डजा निर्माण कार्य। | 5.72 | 600 | 03 माह |
| 15 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हबीबपुर नंगला में आदेश से श्रीपाल तक नाला निर्माण कार्य। | 9.97 | 1000 | 03 माह |
| 16 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत नवादा में उदयवीर से दिनेश तक नाला निर्माण कार्य। | 9.97 | 1000 | 03 माह |
| 17 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हरियाखेडा सोरम कुम्हार से भीम तक नाला निर्माण कार्य। | 9.98 | 1000 | 03 माह |
| 18 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मतानतनगर में श्री करण से श्री जयपाल तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 6.35 | 700 | 03 माह |
| 19 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सैहडभर में अमीनगर सराय रोड से देवता/पीर तक इण्टर लॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 7.89 | 800 | 03 माह |
| 20 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हाई मास्ट लाईट निर्माण कार्य। | 9.54 | 1000 | 03 माह |
| 21 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम बाखरपुर बालैनी मे गुल प्रधान की ट्यूबवैल तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 2.75 | 300 | 03 माह |
| 22 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम बाखरपुर बालैनी मे सुरज की दुकान से हरपाल दरोगा के घर तक इण्टर लॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 6.72 | 700 | 03 माह |
| 23 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत बसौद में मैन रोड से रश्मी के खेत तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 9.10 | 1000 | 03 माह |
| 24 | रा.वि.आ/15 वां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत हिसावदा में मैन रोड से मदरसा तक इण्टर लॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 5.72 | 600 | 03 माह |

**अ.अभियन्ता,**
**ग्रा.अभि.विभाग**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पिलाना (बागपत)**

### 48 घंटे में मवाना पुलिस ने किया विजय हत्याकांड का खुलासा

# मारपीट का बदला लेने के लिए बलकटी से काटा था विजय का गला

■ मोहल्ला हीरालाल निवासी निर्दोष कुमार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** दो दिन पहले हस्तिनापुर निवासी विजय की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने नगर के मोहल्ला हीरालाल निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। सीओ मवाना के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने 48 घंटे के भीतर हत्यारे को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलकटी भी बरामद कर ली है।

गौरतलब है कि बुधवार को नगर के बेरियों वाले शमशान घाट के पास एक बाग में हस्तिनापुर निवासी विजय पुत्र फूल सिंह की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। विजय नशे का आदि था और जंगलों में ही अपनी रात गुजारा करता था। परिजनों की ओर से अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीओ मवाना पंकज लवानिया के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने दिन-रात एक कर दिए और विजय की हत्या करने वाले निर्दोष कुमार पुत्र महकार निवासी मोहल्ला हीरालाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलकटी, एक बाइक व आरोपी के खून से सने हुए कपड़े बरामद कर लिए।

### दोनों करते थे एक साथ नशा

हत्यारोपी निर्दोष कुमार ने पुलिस को बताया कि दोनों एक साथ भांग और शराब का नशा करते थे। करीब तीन महीने पहले विजय ने उसके साथ मारपीट की थी। जिससे वह उससे रंजिश रखता था। उसके बाद भी रोजाना दोनों साथ नशा करते थे। मंगलवार की रात नशा करते वक्त दोनों के बीच फिर मारपीट हो गई। आक्रोश में आकर उसने बलकटी से गर्दन काट डाली।

### सीओ के नेतृत्व में टीम ने किया गुडवर्क

सीओ मवाना पंकज लवानिया के नेतृत्व में इंस्पेक्टर पूनम जादौन और पुलिस की टीम ने 48 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद केस वर्क आउट कर दिया। एसपी देहात अभिजीत कुमार शुक्रवार को थाने पहुंचे और आरोपी से पूछताछ की। एसपी देहात ने सीओ मवाना व पुलिस टीम के कार्य की सराहना की।

## अनियंत्रित बाइक सवार नहर में गिरा, उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पुलिस के अनुसार मधुर पुत्र राजकुमार उम्र 52 वर्ष निवासी मेरठ जानी थाना क्षेत्र के गांव सतवाई में रिश्तेदारी में गया था। तभी जैसे वह सतवाई से चला तो टीकरी गंग नहर के पास पहुंचा तो उसकी बाईक अनियंत्रित होकर नहर में समा गई। तभी ग्रामीणों ने किसी तरहा उसे बाहर निकाला। और उपचार के लिए अस्पताल भेजने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर जानी थाना पुलिस पहुंच गई और उसे पांचली सीएचसी में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई वहीं मधुर की मौत की खबर पता चलते ही परिवार वालों में को. हराम मच गया और परिजन जानी सीएचसी पहुंचे जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने कहा कि नहर में हादसे होते रहते हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ ने चलाया सदस्यता अभियान, कई को दी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अंजू चौधरी के निवास स्थान कंकरखेड़ा डिफेंस एंक्लेव पर कार्यकर्ताओं की बैठक व सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान रहे। महिला प्रकोष्ठ की टीम ने बैठक व सदस्यता अभियान के तहत नए सदस्यों को जोड़ा और संगठन को मजबूत करने के लिए मंथन किया। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने जिलाध्यक्ष अंजू चौधरी के साथ नए पदाधिकारी को पत्र सौंपे। अंजू चौधरी ने कहा कि अधिकतर महिलाएं लोक. दल की सदस्यता ग्रहण कर रही है। इस अवसर पर नरेंद्र खजूरी, राष्ट्रीय सचिव भावना यादव, नीलम तोमर, बीना पूनिया, सुमन चौधरी, प्रज्ञा बालियान, विना सिंह, छाया रस्तोगी, डॉ. श्वेता रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### जुमे की नमाज पर रहा अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी व एसएसपी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि जुमे की नमाज व आगामी पर्वों के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीएम डॉ. वी.के. सिंह तथा एसएसपी विपिन ताडा द्वारा हापुड अड्डा, जाकिर कालोनी, पिलोखड़ी, भूमिया का पुल, बागपत तिराहा, रेलवे रोड चौराहा, केसरगंज चौकी, सोतीगंज, बेग. मपुल आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### जानी मिशन शक्ति केंद्र के बारे में आशाओं को जागरुक कर सिखाए गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र का प्रचार-प्रसार लगातार क्षेत्र में किया जा रहा है और महिलाओं को इसके बारे में बताया जा रहा है। शुक्रवार को जानी ग्राम पंचायत में आशा व आंगनवाड़ी महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। महिला पुलिस ने वोमेन हेल्पलाइन 1090, 112 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी महिलाओं को किसी भी गंभीर स्थिति से गुजरना पड़े तो इन नंबरों को डायल करें। तुरंत पुलिस पहुंचकर महिलाओं की सुरक्षा कर न्याय दिलाएगी। उन्होंने घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक भी किया। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र व आशाओं को पंपलेट भी वितरित किए जिसमें मिशन शक्ति टीम के बारे में बताया।

# शोभित विवि में हुई आईबीएम स्किल बिल्ड पर नेस्ट जेन एनालिटिक्स कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग आईबीएम स्किल बिल्ड पर कोर्सेज पर आधारित नेस्ट जेन एनालिटिक्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य वक्ता एडुनेट फाउंडेशन से एआई एवं एमएल प्रशिक्षक अमन श्रीवास्तव ने किया।

अमन ने छात्रों को डेटा एनालिटिक्स के महत्व से अवगत कराते हुए कई केस स्ट्डीज प्रस्तुत कीं, जिससे सत्र अधिक व्यावहारिक और अनुप्रयोग आधारित रहा। उन्होंने आईबीएम स्किल बिल्ड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न कोर्सेज की भी जानकारी दी, जिनके माध्यम से छात्र स्वयं को नवीनतम तकनीकों और उद्योगों की मांग के अनुरूप उन्नत कर सकते हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकी रुझानों और उद्योग में आवश्यक कौशलों से अद्यतन रखना तथा उन्हें प्लेसमेंट रेडी बनाना था। कार्यशाला के दौरान छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के नवीनतम टूल्स और तकनीकों से परिचित कराया गया। सत्र में प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स, बिजनेस इंटेलिजेंस तथा इंडस्ट्री 4.0 में इनके उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने छात्रों को तकनीक के साथ निरंतर अद्यतन बने रहने का मार्गदर्शन दिया। प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जयनन्द ने बेहतर रोजगार अवसर और अपस्किलिंग के लिए ऐसे कार्यशालाओं की आवश्यकता पर बल दिया। स्कूल निदेशक प्रो. डॉ. संदीप कुमार ने छात्रों को इस उभरती तकनीक पर आधारित कार्यशाला में भागीदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला को सफल बनाने में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरभि सरोहा एवं छात्र समन्वयक कमल कांत पांडे, माहि और रोया कुमारी का विशेष योगदान रहा। यह कार्यशाला छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणा दायक सिद्ध हुई।

# नेशनल इंजन रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग

### आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां मौके पर

■ दुकान मालिक ने आग लगने को बताया किसी की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली रोड पर नेशनल इंजन रिपेयरिंग नामक दुकान और चमन लाल टिम्बर लकड़ी की टाल में शुक्रवार को आग लग गई। सूत्रों के अनुसार यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। बचाव कार्य और नुकसान आग को नियंत्रित करने के लिए कई दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लोगों के अनुसार छह गाड़ियों को बुलाना पड़ा आग पर काबू पाने के लिए। दुकान का अधिकांश हिस्सा और लकड़ी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। घटना से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, लोग डर गए और दमकल दल ने स्थानीय सहायता लेकर नियंत्रण की कोशिश की। दुकान के मालिक व अन्य लोगों ने आग लगने को साजिश करार देने की बात कही है, मगर अभी इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की घटनाएं अक्सर शॉर्ट सर्किट या लापरवाही के कारण होती हैं।

## शिक्षक की मौत पर भड़के भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष

### भोला झाल से टिकरी रजवाहे के पुल पर गिरकर हुआ हादसा

■ जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग की लापरवाही से हुई है मौत: अनुराग चौधरी

■ मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने भोला झाल टिकरी रजवाहे पुल पर पहुंचकर मृतक मधुर दीक्षित जो कि शुक्रवार को पुल से गिरकर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु का जिम्मेदार सरकारी विभाग को बताया है। उन्होंने कहा कि वह कई बार जिलाधिकारी, सिंचाई विभाग को इस पुल को चौड़ा करने की मांग कर चुके है लेकिन किसी ने भी इस और ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा इसी मामले को कई बार किसान दिवस में लिखित रूप में भी दिया जा चुका है। उन्होंने शिक्षक मधुर दीक्षित की मृत्यु के जिम्मेदार जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग को ठहराते हुए मृतक मधुर दीक्षित के परिवारजनों को उचित मुआवजा और जल्द इसे चौड़ा करने और तत्काल दीवार कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जल्द समाधान न होने पर आंदोलन भी संगठन करने का कदम उठाएगा और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हादसा बताया। और शासन को इस प्रकरण का संज्ञान लेने की मांग की है।

# सुभारती में रक्षा, शोध और सामाजिक सरोकारों पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित

■ सेना की संगोष्ठी में सुभारती विश्वविद्यालय के छात्रों ने जानी रक्षा रणनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक ओर जहां छात्रों ने भारतीय सेना की संगोष्ठी में रक्षा रणनीति की बारीकियों को समझा।

वहीं दूसरी ओर विवि परिसर में अकादमिक उत्कृष्टता और सामा. जिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान और शपथ समारोह आयोजित किए गए। इस कड़ी में सर्वप्रथम भारतीय सेना की कोर 2 डिविजन द्वारा आयोजित पाइन संगोष्ठी में स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के छात्रों ने भाग लिया। पुनरावलोकन प्रतिरोध पाकिस्तान की रणनीतिक चाल और भारत के विकल्प विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को देश की रक्षा और सामरिक मामलों से अवगत कराना था। इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी में सुभारती विवि के पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग, लिबरल आर्टस एवं ह्यूमैनिटिज विभाग और सुभारती डिफेंस अकादमी के लगभग 100 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्रों ने पाकिस्तान की सामरिक गतिविधियों और उसके जवाब में भारत के पास मौजूद विकल्पों को लेकर विशेषज्ञों से गहन जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत के प्रसिद्ध साम. रिक विशेशज्ञों मेजर गौरव आर्या (से.नि.), लेफ्टी. कर्नल राज शुक्ला, कर्नल पविथन राजन (से.नि.), वरिष्ठ सामरिक पत्रकार एवं संपादक संदीप उन्नीथन, सुशांत शरीन पूरव राजदूत, विवेक काटजू आदि को नजदीक से सुनने और उनसे अपने सवालों के जवाब पाने का मौका मिला। यह संगोष्ठी छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था।

# बहसूमा में हुआ भरत मिलाप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रावण वध के बाद अयोध्या पहुंचे श्री राम लक्ष्मण सीता का स्वागत हुआ। जिसमें भरत मिलाप का मंचन किया गया। भरत मिलाप में श्रद्धालुओं ने श्री राम लक्ष्मण सीता एवं भारत के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी प्रधान बिंदर चहल, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, जयवीर सिंह, संदीप चौधरी, सुशील गोयल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, सुमित चहल, विनोद सैनी, राम बहादुर शर्मा, इन्द्र लांबा, उपप्रधान सभासद वीरेंद्र नागर, कोषाध्यक्ष दिले सिंह प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रबंधक पवन बैरागी, जयबीर चौधरी, सचिव शुभम लांबा, अजयपाल राठी, महामंत्री विधि, उपमंत्री विजयपाल सैनी, और सभासद विशाल शर्मा, मंत्री पवन भूईयार, सचिन कुमार, विशाल शर्मा तथा मीडिया प्रभारी अभिषेक गौड आदि मौजूद रहे।

# सिवाल खास में चलाया गया सदस्यता अभियान

### विधानसभा सदस्य प्रभारी रणबीर दहिया ने कई गांवों में बैठक कर रालोद को मजबूत बनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सिवाल खास विधानसभा सदस्य प्रभारी रणबीर दहिया के नेतृत्व में गांव रतौली गांव जिजोखर गांव टिकरी में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान गांव रतोली में दीपक के आवास पर आयोजित बैठक को अध्यक्षता सुभाष चंद ने की सदस्य प्रभारी रणवीर दहिया ने चौधरी साहब के सिद्धांतों पर चलकर अधिक से अधिक समस्या बनकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। गांव टिकरी में संजय प्रधान के आवास पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं सचिन चौधरी आरुषि सिरोही मोनू ढिंडाला ने भी सभी वर्ग का सम्मान करने वाली और किसान और मजदूर हितेषी पार्टी बताकर अधिक से अधिक सदस्य बन पार्टी को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर भूरा प्रधान, मंगत, हरबीर, राजेंद्र, किशन, सोहनवीर आदि लोग मौजूद रहे। गांव जिजोखर में सुरेंद्र मास्टर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश प्रधान ने की।



# नेशनल किक बॉक्सिंग की पदक विजेता आयुषी सोम का तक्षशिला स्कूल में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में 50 किग्रा. वर्ग में कांस्य पदक विजेता कक्षा 11 की छात्रा आयूषी सोम का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया।

आयुषी सोम ने 50 किग्रा. वर्ग में इसी वर्ष राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था, तथा उनका चयन उत्तर प्रदेश की किक बॉक्सिंग टीम में नेशनल खेलने के लिए हुआ था। आयुषी सोम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 किग्रा. वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। आयुषी सोम का स्कूल पहुंचने पर मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं बच्चों ने भव्य स्वागत किया। आयुषी सोम ने अपने नेशनल में पदक प्राप्त करने के अनुभव को सभी के साथ साझा किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने आयुषी सोम को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयुषी सोम के पिता विकास कुमार मेरठ में एक व्यवसायी हैं तथा माता विनीता रानी एक गृहणी हैं।




## अयोध्या लौटे श्रीराम का हुआ राजतिलक, संभाला राजपाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बे में आयोजित रामलीला में रावण वध के बाद आज श्रीराम का राजतिलक और विभीषण को लंका की गद्दी सौंपने के साथ ही रामलीला के मंचन का समापन हुआ। रामल. ीला में शुक्रवार को श्री राम चन्द्र जी का वन से वापस लौटने, भरत मिलाप व श्री राम को राज. तिलक कर राजगद्दी सौंपने की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने बड़े ही वास्तविक ढंग से लीलाओं का अभिनय का लोगों को सजीवता के दर्शन कराएं। मुख्य अतिथि प्रमेंद्र कुमार बंसल व पुलकित बंसल ने भगवान श्रीरामचंद्र का राजतिलक किया गया। तत्पश्चात कमेटी पदाधिकारियों ने अतिथियों को सम्मानित किया।

मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि रावण का युद्ध कर अयोध्या लौटने पर श्रीराम व सीता जी, लक्ष्मण और सभी वानर सेना का स्वागत हुआ। चारों ओर खुशियों के रूप में घी के दिए जलाए गए और पुष्प वर्षा की। कलाकारों ने मंचन को आगे बढ़ाते हुए राजगद्दी व राजतिलक की लीला का अभिनय किया। मंचन में श्रीराम का राजतिलक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। इसके साथ ही श्रीराम के जोरदार जयकारे भी लगाए गए। श्रीराम का राज तिलक श्रीरामलीला कमेटी के प्रधान अनिल गर्ग, रविन्द्र बंसल, गोल्डी, गिरीश बंसल, संदीप वशिष्ठ, मुकेश गर्ग, विशाल गर्ग, भोले सोनी, सोनी गर्ग, पवन रस्तोगी, मनोज समानिया, संदीप गर्ग, मूलचंद बंसल, रमन जायसवाल, अरुण रस्तौगी आदि द्वारा किया गया।



# सेना प्रमुख की दोटूक

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के अनूपगढ़ में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आतंकवाद को लेकर पाक को कड़ा संदेश दिया। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं और सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि सैनिक अपने आपको पूरी तरह तैयार रखें भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा। जाहिर है उनके कहने का आशय यही था कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने संयम बरता और केवल चुनिंदा टारगेट को ही अपना निशाने पर लिया। अब की बार ऐसा नहीं होगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। वहीं वायु सेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने भी शुक्रवार को पाक की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे को सिर्फ कहानियां जैसा बताया। उनके अनुसार सच्चाई यह है कि भारत ने ही पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह किए, जिसमें एफ 16 और जे 17 भी शामिल हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने पाक में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने इस तरह का दावा किया। अब से पहले वह नौ अगस्त को यह दावा कर चुके हैं, जब उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के पांच विमान गिराए गए थे। उन्होंने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि जिस तरह के दावे करते रहे हैं, उनको लेकर अगर उनके पास एक भी सबूत है तो वह सार्वजनिक रूप से दिखाएं। जबकि हमने उन्हें उनकी जगहों की सारी तस्वीरें दिखाई हैं। एमपी सिंह के अनुसार यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था, जिसमें हमने 80 से 90 घंटों के अंदर इतना नुकसान किया कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उन्हें पता चल गया कि अगर वह इस युद्ध को जारी रखते हैं तो इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने भारतीय डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वह बात करना चाहते हैं, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। इस युद्ध की सफलता का श्रेय उन्होंने राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। उनका कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को खुली छूट थी कि जैसे चाहें आगे बढ़ें। तीनों सेनाओं के बीच कॉर्डिनेशन भी बेहद कारगर साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। मतलब साफ है कि अब हमारी सेना आधुनिक युद्ध लड़ने में पूरी तरह तैयार है और निरंतर बेहतर होने का प्रयास कर रही है। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का अपने सैनिकों से यह कहना कि उन्हें हर समय तैयार रहना चाहिए और मौका जल्द मिलेगा, यह इस तरफ इशारा करता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक के खेबर पख्तूनवा में आतंकियों के नए अड्डे बनने की बात बराबर सामने आ रही है। इस बात को द्विवेदी ने भी स्वीकार किया है। मतलब साफ है कि पाक आतंकवाद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहा।

## आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे पाक



यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दो. हराएगा नहीं, सेनिक अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा, भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे, सीमा के पास रहने वाले लोगों को भारत आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है, वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं, यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है, 1965 और 1971 के युद्धों के समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।

**जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना प्रमुख**

# उसूल और इरादे के पक्के थे स्व. हर्षवर्धन

**पुण्यतिथि पर विशेष**



**यशोदा श्रीवास्तव**



पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व. हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। महराजगंज जिले का जोगिया बारी गांव भ्रष्टाचार, सरकारी जुल्म और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष की रणनीति का केंद्र था। मुलायम सिंह के बाद यदि कोई दूसरा नेता जी नामधारी था तो वह हर्षवर्धन थे। लखनऊ और पूर्वांचल में वे इसी नाम से मशहूर थे। 1977 से लेकर 2016 के कुछ महीनों तक यह नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

लखनऊ छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए हर्षवर्धन यहीं के होकर रह गए। 1975 के आपातकाल के बाद 1977 का यह आम चुनाव जनता पार्टी के नाम रहा।लखनऊ से दिल्ली तक इंदरा गांधी की सरकार बदल चुकी थी। हर्षवर्धन परिवर्तन के इस लहर में भी चुनाव हार गए थे। उनके हारने का सिलसिला 1985 तक जारी रहा, लेकिन न तो वे हताश हुए और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग की उनकी धार कमजोर हुई। देखा जाए तो स्व. हर्षवर्धन के राजनीतिक सफर में जीत कम हार ज्यादे रही। वे 1985 में विधायक, 1989 में एमपी और कई चुनाव हारने के बाद 2009 में फिर एमपी चुने गए। विधायक जनता पार्टी से हुए, 1989 में एमपी जनतादल से हुए और 2009 में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पंहुचे हर्षवर्धन की खासियत यह रही कि वे जिस दल में रहे, आला कमान के सर्वाधिक प्रिय रहे। जनता पार्टी में चंद्रशेखर के करीब, जनता दल में वीपी सिंह के, बसपा में मायावती के भी करीब रहे और जब कांग्रेस में आए तो सोनिया और राहुल के भी बेहद करीब हो गए। कह सकते हैं कि स्व. हर्षवर्धन का दल बदलने का भी रिकॉर्ड रहा, लेकिन वे कभी कुर्सी और सत्ता के लिए दल नहीं बदले। वे वसूलों के पक्के थे, स्वाभिमानी और जमीर वाले नेता थे। उन्होंने जार्ज फर्नांडिस के करीबी होने का भी फायदा हासिल करने का मौका ठुकरा दिया था तब जब वे एनडीए का हिस्सा बने थे। हर्षवर्धन एनडीए को सांप्रदायिक दलों का गठबंधन मानते थे। चंद्रशेखर जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मंत्री पद ठुकरा कर वीपी सिंह के साथ जाना कबूल किया। सिद्धांत ऐसा था कि राजनितिक फायदे के लिए सांप्रदायिक शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया।

चार अक्टूबर को स्व।हर्षवर्धन की पुण्यतिथि पर उनके गांव जोगियाबारी में आयोजित कार्यक्रम उनकी स्मृति में एक पर्व जैसा होता है जहां यूपी और पूर्वांचल भर से उनके चाहने वालों का जमावड़ा होता है। यहां सभी नम आंखों से उन्हें याद करते हैं। यह आयोजन उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया नेत और चाचा आनंदवर्धन करते हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से उनके चाहने वाले उपस्थिति होकर उन्हें नमः आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। हर्षवर्धन किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों, जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक की उनकी लड़ाई देश भर में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल वे पूर्वांचल के जिलों में संघर्ष शील राजनीति के प्रेरणा पुरुष थे। हर्षवर्धन कभी लाभ के लिए दल नहीं बदले। सच यह है कि वे जिस दल में गए, वह दल ही शक्तिशाली हुआ। दल छोड़ा तो अपने लिए नहीं, जनसरोकार के लिए। उन्होंने बसपा को भी तब छोड़ा जब मायावती ने महराजगंज जिले का नाम बदलना चाहा। हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है। उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं। जबकि हर्षवर्धन उस सरकारी गाणी का इस्तेमाल केवल क्षेत्र में भ्रमण के लिए करते थे। एक बार का वाकया यूं है कि हर्षवर्धन को बनारस किसी जरूरी काम से जाना था। संयोग से कोई गाणी नहीं थी। एक साथी ने उसी सरकारी गाणी से बनारस चलने का सुझाव दिया। यह सुनकर वे आग बबूला हो गए। बोले जिस गलत काम के लिए वे लड़ते हैं, वहीं करने की सलाह दे रहे हो। उसे इस हिदायत के साथ अपने पास से हटा दिया कि दुबारा दिखना मत। स्व. वीर बहादुर सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। हर्षवर्धन विधायक थे। किसी बात को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से ठन गई। काफी मान-मनौव्वल हुआ। हर्षवर्धन तभी माने जब मुख्यमंत्री ने उनकी यह मानी कि जितने सरकारी ट्यूबवैल मुख्यमंत्री के क्षेत्र पनियरा में लगेंगे उतने ही हर्षवर्धन के विधानसभा क्षेत्र फरेंदा में लगेंगे। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त सर्वाधिक 57 ट्यूबवैल लगे थे जो क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण भाव की याद दिलाते रहते हैं। हर्षवर्धन समाजवादी विचारधारा के थे। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता संग्राम की थी। हर्षवर्धन के पिता स्व. योगेन्द्र पाल सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे जीवन पर्यन्त गरीबों मजदूरों के लिए लड़ते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों के तमाम प्रलोभनों को लात मारकर अंग्रेजों के खिलाफ किसी भी आंदोलन में जान को जोखिम में डालकर अग्रणी भूमिका में रहे। गरीबों और मजदूरों के प्रति दया भाव ऐसी थी कि वे खेतों में खुद ही हल संभाल लेते ताकि मजदूर कुछ पल विश्राम कर सके। स्व. हर्षवर्धन जीवन पर्यन्त अपने पिता के कदमों पर ही चलते रहे। ईश्वर ने उन्हें असीम पीड़ाएं भी दी। पत्नी विष्णु सिंह का असमय ही कैंसर से निधन हो गया। इसके कुछ साल बाद ही इकलौता बेटा भी काल के गाल में समा गया। उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इकलौती बेटी सुप्रिया नेता ही हैं। इतनी असीम पीड़ाओं को सीने में दफन किए हर्षवर्धन को स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ा। 2014 का चुनाव वे हार गए और गंभीर बीमारी के चलते ही चार अक्टूबर 2016 में उनका निधन हो गया। हर्षवर्धन के निधन के बाद कांग्रेस ने उनकी बेटी सुप्रिया नेत में कांग्रेस का भविष्य तलाश ली। सुप्रिया एक मशहूर टीवी चैनल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रकार थीं। वे पत्रकारिता छोड़ कर अपने पिता की विरासत संभालने महराजगंज आ गईं और अपने स्व. पिता हर्षवर्धन की राजनीतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहीं हैं। पिता की तरह वे भी गांधी परिवार के सर्वाधिक निकट हैं। उनमें भी पिता की तरह खुद्दारी कूट कूट कर भरा है। जूझारू पन और संघर्ष शीलता वैसी ही है जैसे हर्षवर्धन की थी।

**हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है।उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धोखाधड़ी के दौर में नागालैंड का गांव है मिसाल

**भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है।**



आजकल के समय में चोरी और धोखाधड़ी इतनी ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण ज्यादातर लोग किसी पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान या कोई भी चीज सिर्फ ईमानदारी के भरोसे पर चलती है। अगर आपको भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए खास हो सकता है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुकानों में ताले नहीं लगाए जाते हैं और इसके बाद भी यहां पर कभी चोरी नहीं होती है।

**दुकानों पर नहीं लगते हैं ताले**

भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है। जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन दुकानदार नहीं हैं और दुकानों पर ताले भी नहीं हैं। भारत के नागालैंड के खोनोमा गांव अपने भरोसे और विश्वास के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नागालैंड का खोनोमा गांव**

नागालैंड के खोनोमा गांव पूरे भारत में ईमानदारी के लिए फेमस है। इस गांव में बिना दुकानदार के सालों से दुकानें लगी हुई हैं। जहां पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद सकते हैं। हालांकि यह फ्री नहीं है आपने जितने का सामान लिया है, उतने पैसे दुकान पर रखकर जा सकते हैं। गांव का कोई भी दूसरा व्यक्ति उन पैसों को नहीं छुएगा और न ही कोई धोखा देकर ज्यादा सामान लेकर जाएगा।

**जानिए भारत का पहला ग्रीन विलेज**

इस गांव के बारे में जानकर हैरान रह गए होंगे। कई रिपोर्ट्स की मानें, तो इस गांव में सालों से ईमानदारी के भरोसे पर रह रहे हैं। नागालैंड के इस अनोखे गांव यानी की खोनोमा गांव को भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहा जाता है। जोकि ईमानदारी के लिए फेमस है। यह गांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नहीं हुई चोरी और न कोई गुनाह**

बता दें कि इस गांव की ईमानदारी पूरे भारत में जानी जाती है। यहां पर इतने सालों से दुकानों में ताला नहीं लगता है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर न तो आज तक चोरी हुई और न कोई गुनाह हुआ है। इस गांव के लोगों में आज भी इतनी ईमानदारी है कि लोग जितने का सामान खरीदते हैं, उतने पैसे दुकान में जमा कर देते हैं।

# पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता



**योगेश कुमार गोयल**

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चौरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी



लिए क इ

कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं। तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है। 'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाक सैनिकों में फायरिंग

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बार्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### लॉस एंजिल्स के शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के एल सेगुंडो स्थित शेवरॉन रिफाइनरी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट की कई सूचनाएं प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग और अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। 324 वेस्ट एल सेगुंडो बुलेवार्ड स्थित इस रिफ़ाइनरी का अपना अग्निशमन विभाग है, जो आग बुझाने के कार्य में लगा हुआ है और अब तक आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया है।

### पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर चर्चा होगा जिसमें सरकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ओटीटी और नियामकों समेत सभी संबद्ध पक्षों के दिग्गज स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कानूनों और सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। गैर-लाभकारी संगठन काउंसिल फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) दिल्ली में सात और आठ अक्टूबर को ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल के साथ मिलकर एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है।

### यूक्रेन ने किया नाटो महासचिव मार्क रूटे का आभार व्यक्त

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाटो के महासचिव मार्क रूटे से मुलाकात की और यूक्रेन के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए उनका और नाटो के सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने रूसी उकसावे का मुकाबला करने और पर्ल इनिशिएटिव में नए योगदान पर चर्चा की। हम यूक्रेन-नाटो सहयोग के ढांचे में अपने अगले कदमों पर सहमत हुए और आगामी रामस्टीन बैठक पर चर्चा की, जो रक्षा मंत्रियों के स्तर पर आयोजित की जाएगी। मैं यूक्रेन के प्रति उनके समर्थन के लिए मार्क और नाटो सदस्य देशों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करता हूं।

# अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति का दावा: मैं मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते



■ भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं
■ वहां के लोग कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके: पुतिन

**सोची।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पालिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है।

### दिसम्बर में चार साल बाद पुतिन भारत आएंगे

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसम्बर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नए साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसम्बर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इ



बोगो। फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए भूकंप के बाद प्रभावित हुए इलाकों में डर की वजह से लोग अपनों घरों के बाहर ही रह रहे हैं।

# फिलीपींस भूकंप से मरने वालों की संख्या 68 हुई

■ भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए

**मनिला।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई और घायलों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनडीआरआरएमसी की कार्यान्वयन शाखा, नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) ने कहा कि ये मरने वालों की संख्या आंतरिक और स्थानीय सरकार विभाग के मृत और लापता (एमडीएम) क्लस्टर के प्रबंधन पर आधारित थी। नागरिक सुरक्षा संचार एवं वकालत प्रभाग के प्रभारी अधिकारी डिएगो मारियानो ने कहा कि एमडीएम वह स्थान है जहां मृतकों की संख्या पर विशेष नजर रखी जाती है। मारियानो ने कहा कि कृपया यह ध्यान रखें कि एमडीएम का सत्यापन होने के बाद ही आंकड़े जारी करें हैं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि सेबू प्रांत के भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस भूकंप का केंद्र बोगो शहर में था। एनडीआरआरएमसी ने बताया कि इस भूकंप से 5013 घरों और 335 बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे तक एक से पांच तीव्रता तक के अभी तक 3952 झटके महसूस किए गए हैं।

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के चलते 51 लोगों की मौत

■ इसके अलावा 14 लोग लापता हो गए तथा 164 लोग घायल हुए

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं और 17000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देश में 8800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं।

# शराब के कारण प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों की होती है मौत

**कोलम्बो।** राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्य निषेध प्राधिकरण ने बताया कि शराब का सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों मौत होती है। श्रीलंका में विश्व संयम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्द निषेध प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आनंद रत्नायके ने मीडिया से बात करते हुए चेतावनी जारी की कि देश में शराब का सेवन लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। देश की 21 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। शराब के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के साथ विश्व संयम दिवस मनाया जा रहा है।

# अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

## कहा: हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, तीन की मौत, 1000 गिरफ्तार



1000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए व 354 लोग घायल हुए

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई।

वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डालर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्को के कासाब्लांका में युवा बेहतर स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया- स्टेडियम तो हैं, लेकिन अस्पताल कहां हैं? युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन-जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को काल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डाक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक और डिस्कार्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं।

## POK में पाक सेना की बर्बरता पर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों का जिम्मेदार ठहराया जाए



■ पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है।

हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 दिसम्बर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं। अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा। रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

# इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

# मेक्सिको के नागरिकों को तत्काल रिहा करे इजरायल: शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए छह मैक्सिकन नागरिकों की तत्काल रिहा करने की अपील की। इन अधिकारियों को गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक बेड़े को रोकने के बाद इजरायल के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया था।

सुशीनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान छह मैक्सिकन नागरिकों को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें अशदोद बंदरगाह में रखा गया है। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला पर सवार हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को अभी तक राजनयिक सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे उन्हें एक हिरासत केंद्र में ले जा रहे हैं। मैक्सिकन वाणिज्य दूतावास ज़रूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां तैयार है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचे और गाजा के खिलाफ इस आक्रमण को रोका जाए। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तुरंत कार्रवाई जारी रखेगा। हिरासत में लिए गए हमवतन लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा और सभी संभव कानूनी और राजनयिक तरीकों से उनकी शीघ्र वापसी की मांग करेगा।

# POJK में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

■ इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है।

इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीओजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका। इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# लानत: पाक पुलिस ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को पीटा

## POK में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने दिए जांच के आदेश



■ इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया।

यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकार्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108